( पौष माह ) वर्ष-10, अंक 208, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
प्रयागराज मंगलवार 29 अक्टूबर, 2024
TM
नगर संस्करण
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

10
Adhunik Samachar
प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

## आयरनमैन चैलेंज पूरा कर पहले सांसद बने तेजस्वी सूर्या, पीएम मोदी सहित अन्य नेताओं ने दी बधाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बंगलूरू दक्षिण से लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या ने आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन चैलेंज पूरा कर लिया है। उन्होंने यह



उपलब्धि करीब साढ़े आठ घंटे में हासिल की है। सांसद सूर्या को इस उपलब्धि के लिए पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं ने बधाई दी ह लोकसभा सांसद तेजस्वी सूर्या ने रविवार को आयरनमैन ट्रायथलॉन पूरा करने वाले पहले सांसद बनने का गौरव हासिल किया। उन्होंने 8 घंटे, 27 मिनट और 32 सेकंड में यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले, 2022 में सूर्या एक रिले टीम का हिस्सा रहते हुए 90 किमी साइकिलिंग सेगमेंट पूरा कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और कई अन्य नेताओं ने सूर्या को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी। पीएम ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'सराहनीय उपलब्धि! मुझे यकीन है कि यह कई युवाओं को फिटनेस से जुड़ी गतिविधियों के लिए प्रेरित करेगा।'वहीं, सूर्या ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'पिछले 4 महीनों में, मैंने अपनी फिटनेस में सुधार करने के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है। परिणामस्वरूप, यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने यह चुनौती पूरी कर ली है!'बंगलूरू दक्षिण से सांसद सूर्या ने चैलेंज पूरा करने के लिए प्रेरणा का श्रेय फिट इंडिया आंदोलन को दिया। उन्होंने कहा कि फिटनेस की दिशा में उनकी यात्रा अनुशासन और आत्मविश्वास लेकर आई है, उनका मानना है कि ये गुण देश के युवाओं के लिए आवश्यक है। आयरनमैन 70.3 ट्रायथलॉन एक चुनौतीपूर्ण क्रम है, जिसमें 1.9 किमी की तैराकी, 90 किमी साइकिल चलाना और 21.1 किमी की दौड़ शामिल है, जिसकी कुल दूरी 113 किमी है। आयरनमैन 70.3 गोवा के चौथे संस्करण को टेनिस के दिग्गज और रेस एंबेसडर लिएंडर पेस, सूर्या, योस्का के संस्थापक और सीईओ दीपक राज और हर्बालाइफ इंडिया के विपणन निदेशक गणेशन वीएस ने हरी झंडी दिखाई। गोवा के खूबसूरत मिरामार बीच पर यह आयोजन हुआ। इसमें लगभग 1200 से प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरुषों का खिताब पूर्व आयरनमैन चैंपियन और भारतीय सेना के बिश्वोरजीत सैखोम ने जीता। उन्होंने 4 घंटे, 32 मिनट और 4 सेकंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ जीत हासिल की।

## पटाखा दुकान में लगी भीषण आग के कारण कई गाड़ियां जलकर खाक; लाखों का नुकसान, महिला झुलसी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**हैदराबाद।** हैदराबाद की पटाखा दुकान में आग लगने के कारण लाखों का नुकसान होने की खबर है। पुलिस के मुताबिक दुकान अवैध थी। एक रेस्त्रां को भी नुकसान हुआ है। धमाके के समय मौके पर मौजूद 7-8 वाहन भी जलकर खाक हो गए। अग्निशमन दल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफलता पाई। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दिवाली से ठीक पहले पटाखा दुकान में भीषण आग लगने की खबर सामने आई। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरें और वीडियो फुटेज विचलित करने वाले हैं। आग लगने के कारण कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलते ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हादसे में एक महिला मामूली रूप से झुलस गई है। खबरों के मुताबिक आग उस समय लगी जब पटाखा दुकान के संचालक दुकान में पटाखे रखवा रहे थे। भाजपा युवा मोर्चा के हैदराबाद इकाई के अध्यक्ष नितिन नंदिकर की तरफ से मिली वीडियो फुटेज समाचार




एजेंसी एएनआई ने भी जारी की। इसमें आग लगने के बाद का भयावह मंजर और आस-पास मौजूद लोगों के चेहरे पर भयावह मंजर देखा जा सकता है। मौके पर मची अफरा-तफरी के बीच दमकल कर्मी भी नुकसान को रोकने की जद्दोजहद में जुटे दिखे। पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शी यादवगिरी ने बताया कि वे दिवाली से पहले अपने बेटे के साथ पटाखे खरीदने आए थे... दुकान के अंदर चिंगारी देखते ही हम बाहर कूद पड़े। उन्होंने बताया, 'मैंने पहले अपने बेटे और एक अन्य महिला को बाहर निकाला और फिर खुद भी बाहर भागा। जैसे ही हम बाहर आए, बहुत तेज धमाका हुआ। दुकान आग की लपटों में घिर गई और धुएं का गुबार उठने लगा। यादवगिरी के नाबालिग पुत्र राघवेन्द्र भी मौके पर मौजूद रहे। यह पीड़ित और प्रत्यक्षदर्शी बच्चा अपनी आपबीती बताते हुए रो पड़ा। सुल्तान बाजार इलाके में पारस फायरवर्क्स नाम की दुकान में लगी आग के संबंध में एसीपी के शंकर ने बताया कि दमकलकर्मी रात करीब 10.30-10.45 बजे के बीच आग बुझाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि जहां आग लगी वह एक रेस्त्रां है। जो पूरी तरह जल गया है। 7-8 कारें भी जल गई हैं। एक महिला को मामूली चोटें आई हैं।

## ओडिशा में मोबाइल चार्ज करने को तरसे लोग, चार्जिंग के लिए देने पड़ रहे 20 प्रति घंटा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भद्रक जिले के बासुदेवपुर खंड के कई गांवों में लोग अपने मोबाइल फोन की बैटरी चार्ज करने के लिए बिजली जनरेटर ले




जाने वाले वाहनों के आगे कतार में खड़े दिख रहे हैं। चक्रवात 'दाना' के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है।हाल ही में बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात दाना ने देश के कई राज्यों में भारी नुकसान पहुंचाया है। इस चक्रवात के चलते तटीय राज्य ओडिशा में बिजली के खंभों , इमारतों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। ओडिशा के भद्रक जिले के बासुदेवपुर खंड के कई गांवों में लोग अपने मोबाइल फोन की बैटरी चार्ज करने के लिए बिजली जनरेटर ले जाने वाले वाहनों के आगे कतार में खड़े नजर आ रहे हैं। चक्रवात 'दाना' के कारण कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। भद्रक जिले की बिष्णुपुर पंचायत की सरपंच शांतिलता पांडा ने बताया कि लोगों को एक मोबाइल फोन की बैटरी रिचार्ज करने के लिए 20 रुपये प्रति घंटा तथा घरों में पानी की टंकी में पानी भरने के लिए 300 रुपये देने पड़ रहे हैं। पांडा ने कहा कि स्थानीय टेंट हाउस और अन्य व्यापारी, जिनके पास पेट्रोल और डीजल से चलने वाले जनरेटर सेट हैं, वे इलाके के लोगों को सशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।जिले के नुआगांव गांव के एक युवक बताया कि, मैंने अपना मोबाइल फोन चार्ज करने के लिए 20 रुपये प्रति घंटे का भुगतान किया है।

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
कौशलं बलम्
NAINI ALLAHABAD
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है।
रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज,पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है



(वरिष्ठ आई.पी.एस.) श्री अविनाश चन्द्रा
महानिदेशक
अग्निशमन सुरक्षा एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश

नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
Enjoy Publicity



# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय विधायक पीयूष रंजन निषाद जी एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पार्षद दिलीप कुमार जायसवाल मैं अपनी गरिमा में उपस्थिति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाया , संस्थान के प्रधानाचार्य अरुण कुमार यादव ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए यह बताया कि संस्थान में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिए जाते हैं और उन प्रशिक्षार्थियों को अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा मे सम्मिलित कराया जाता है उत्कर्ष उत्तीर्ण हुए ऐसे लगभग सौ प्रशिछार्थियों को प्रसस्ति पत्र प्राप्त हुए और अन्य प्रशिक्षार्थियों को प्रेरणा भी देते हैं , इस अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय पीयूष रंजन निषाद जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना करते हुए देश में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की उपयोगिता का बखान किया, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटरा के प्रधानाचार्य हिमांशु द्विवेदी जी ने सभी को धन्यवाद दिया एवं कार्यक्रम का संचालन संस्थान की अनुदेशिका श्रीमती ज्योति पांडे ने किया, इस अवसर पर मुस्तफ़ीज़ सिद्दीकी , अशोक पटेल , राकेश शर्मा, अजय कुमार , अमृत लाल गुप्ता, फूलप्रकाश ,श्रीमती नगीना सिंह, श्रीमती आकांशा जयसवाल , श्रीमती सुशीला एवं संसथान के समस्त कर्मचारी एकजुट हो कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया।


विधायक करछना माननीय पीयूष रंजन निषाद ने छात्रो को कौशल विकास प्रमाण पत्र दे कर उत्साहवर्द्धन किया

# मां-बाप का साया उठा तो जीवनयापन के लिए साइकिल बनाने का किया काम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**वाराणसी।** वाराणसी के अजय साहनी ने तैराकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया। वह कोरोना काल में माता-पिता को खोने के बाद से जीवनयापन करने के लिए साइकिल बनाने का काम किया। साथ ही उसने खेल और पढ़ाई भी जारी रखा। कोरोना काल में माता-पिता को खो चुके अजय साहनी ने तैराकी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई कर लिया है। लखनऊ में खेले गए मुकाबले में अजय साहनी ने अलग-अलग स्पर्धा में एक स्वर्ण सहित तीन पदक जीते। अजय साहनी खेलने और जीवनयापन के लिए साइकिल बनाने का काम करते ह बच्छांव स्थित महामना मालवीय इंटर कॉलेज के खेल शिक्षक डॉ. जीतेंद्र ने बताया कि अजय खेल के साथ पढ़ाई में भी अच्छा है। वर्ष 2023 के सितंबर माह में शूलटंकेश्वर क्षेत्र में गंगा में उसे मछली पकड़ते देखा। चार दिन बाद जिला स्तरीय माध्यमिक स्कूली प्रतियोगिता होनी थी। उसके हुनर को देखकर उसे स्कूल की ओर से ट्रायल में बुलाया। वह न सिर्फ ट्रायल में सफल हुआ बल्कि मंडलीय में स्वर्ण पदक जीता, दुर्भाग्यवश प्रादेशिक में उसे पदक नहीं मिला। 2023 में उसने जनपदीय, मंडलीय खेलने के साथ प्रादेशिक तैराकी के चार मुकाबले खेले और दो स्वर्ण पदक जीते। उसके प्रदर्शन को देखते हुए स्कूल प्रशासन ने शुल्क भी माफ कर दिया। बीएचयू में छूट पर तैराकी सीखने का मौका मिला।



# कोपा ट्रेड में अभिषेक को मिला गोल्ड मेडल सर्वश्रेष्ठ नागरिक बनने की ली शपथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है - मिश्र बंधु अंतर्राष्ट्रीय गायक एवं प्रयागराज रत्न इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्र के एक अभियान चलाया जिसमें उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए प्रॉस्पेक्टस का वितरण किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिश्रा बंधु रोहित पांडे मोहम्मद कौसर आदि लोग मौजूद रहे मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है कोपा ट्रेड बैंक ,पुलिस एवं अन्यसरकारी कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती में मान्य है यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। मिश्रा बंधु ने पेटेंट के डिस्प्ले बोर्ड का उद्घाटन भी किया ईवम 88 प्रतिशत प्राप्त कोपा ट्रेड के स्टडनेट को गोल्ड मेडल पहचान कर सम्मान दिया गया मिश्र बंधु ने बताया कि ये देश का पहला आईटीआई है जिसके नाम पर पेटेंट प्रकाशित है।


डिस्प्लेबोर्ड को विमाचित करते हुए मुख्य अतिथिगण


सफल छात्र को गोल्ड मेडल प्रदान करते हुए मुख्य अतिथिगण

# महाकुंभ-2025 बटन दबाते ही श्रद्धालुओं को मिलेगा आरओ का शुद्ध जल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज ।** योगी सरकार श्रद्धालुओं के लिए लगा रही 200 वाटर एटीएम और 6500 टैप स्टैंड मेला क्षेत्र में 1249 किलोमीटर लंबी पानी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी 24 घंटे श्रद्धालुओं को मिलती रहे पेयजल सप्लाई, सुनिश्चित करने में जुटे अफसर (प्रयागराज) महाकुंभ-2025 में एक भी श्रद्धालु प्यासा न रहे, इसकी व्यापक तैयारी योगी सरकार ने की है। महाकुंभ में स्नान और पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 200 वाटर एटीएम व 6500 टैप स्टैंड लगाए जाएंगे। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। मेला क्षेत्र की ओर आने वाली सड़कों के किनारे वाटर एटीएम लगेंगे। कई वाटर एटीएम मेला क्षेत्र में खुले मैदानों में भी स्थापित होंगे। इन वाटर एटीएम से मात्र एक बटन दबाकर श्रद्धालु आरओ का शुद्ध जल ले सकेंगे। जलकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार मेला क्षेत्र में टैप स्टैंड्स भी लगाए जाएंगे। पूरे मेला क्षेत्र में पानी की पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिनकी कुल लंबाई 1249 किलोमीटर रहेगी, जो अखाड़ों से लेकर कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं की मांग को पूरा करेगी। जहां पेयजल लाइन नहीं पहुंचाई जा सकती, वहां पानी के टैंकरों का सहारा लिया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार जलकल विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग समेत अन्य विभाग यह सुनिश्चित करेंगे कि पेयजल सप्लाई 24 घंटे श्रद्धालुओं को मिलती रहे। 36 नए ट्यूबवेल्स का कार्य करीब-करीब पूरा हो चुका है। मेला क्षेत्र के भीतरी भागों में टैंकरों की व्यापक व्यवस्था रहेगी। अधिकारियों के अनुसार दारागंज, कीडगंज, मुट्ठीगंज, छोटा बघाड़ा, बैहराना, सोहबतिया बाग, तेलियर गंज, गोविंदपुर, झूंसी, नैनी जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
















भारत

## संक्षिप्त समाचार

### ताशकंद से गोवा आई पहली फ्लाइट, 111 यात्रियों ने की सवारी; हर बुधवार-रविवार को मिलेगी सेवा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद से गोवा के लिए सीधी फ्लाइट की सेवा शुरू की गई है। रविवार को पहली फ्लाइट 111 यात्रियों को लेकर गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंची। यह सेवा हर बुधवार और रविवार को उपलब्ध होगी। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद से पहली फ्लाइट रविवार को गोवा पहुंची। इस फ्लाइट में 111 यात्री सवार थे, जिसकी गोवा के मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर लैंडिंग



हुई। हवाईअड्डा संचालक ने बताया कि उज्बेकिस्तान एयरवेज द्वारा संचालित यह सेवा हर बुधवार और रविवार को उपलब्ध होगी। जीएमआर गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की एक विज्ञप्ति के अनुसार, 150 यात्रियों की बैठने की क्षमता वाला एयरबस ए320नियो सुबह 10:55 बजे उत्तरी गोवा के हवाईअड्डे पर उतरा। दोपहर 12:15 बजे यह फ्लाइट 84 यात्रियों को लेकर मध्य एशिया के ताशकंद के लिए रवाना हुई। एक प्रवक्ता ने कहा, 'उज्बेकिस्तान एयरवेज ताशकंद के लिए सीधी फ्लाइट के साथ, रूस और यूरोप के प्रमुख शहरों के लिए वन-स्टॉप कनेक्शन की पेशकश करेगा, जिससे गोवा के बाहर जाने वाले यात्रियों के लिए सुविधाजनक यात्रा के अवसर उपलब्ध होंगे।' उन्होंने कहा कि उज्बेकिस्तान अपने प्राचीन शहरों समरकंद, बुखारा और खिवा के लिए जाना जाता है। वह अपने समृद्ध इतिहास, अद्वितीय परिदृश्य और गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए भारतीय यात्रियों के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। उज्बेकिस्तान के पर्यटक अब गोवा के समुद्र तटों, पाक व्यंजनों, सांस्कृतिक विरासत और गतिशील त्योहारों की खोज कर सकते हैं। जीएमआर गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ आरवी शेषन ने कहा कि यह सेवा अधिक वैश्विक कनेक्टिविटी की उनकी खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## वडोदरा पहुंचे स्पेन के राष्ट्रपति, पीएम मोदी के साथ टाटा के विमान निर्माण प्लांट का करेंगे उद्घाटन


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अपनी यात्रा के दौरान स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज, प्रधानमंत्री



मोदी के साथ वडोदरा में सी295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट का उद्घाटन करेंगे, जो विमानन क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत प्रमुख पहल है। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार की सुबह गुजरात के वडोदरा पहुंचे। वडोदरा में वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत करेंगे। स्पेन के राष्ट्रपति के भारत दौरे पर विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बधाई देते हुए लिखा कि 'भारत में आपका स्वागत है'।विदेश मंत्रालय ने कहा, 'स्पेन सरकार के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज वडोदरा पहुंचे, जो 18 वर्षों में किसी स्पेनिश राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है। भारत-स्पेन संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए यह आधिकारिक यात्रा अहम है।' वडोदरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने राष्ट्रपति सांचेज का स्वागत किया। अपनी यात्रा के दौरान स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज, प्रधानमंत्री मोदी के साथ वडोदरा में सी295 विमान के फाइनल असेंबली लाइन प्लांट का उद्घाटन करेंगे, जो विमानन क्षेत्र में 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत प्रमुख पहल है। इस प्लांट की स्थापना टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने एयरबस स्पेन के साथ मिलकर की है।स्पेन के राष्ट्रपति के वडोदरा दौरे के लिए शहर को खूबसूरत रोशनी से सजाया गया है। यह राष्ट्रपति सांचेज़ की भारत की पहली यात्रा है, जो 18 साल बाद हो रही है। राष्ट्रपति सांचेज मुंबई भी जाएंगे, जहां आधिकारिक कार्यक्रमों के अलावा, वे व्यापार और उद्योग जगत के नेताओं, थिंक टैंक और फिल्म उद्योग से जुड़े लोगों से बातचीत करेंगे। वे स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन और ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित चौथे स्पेन इंडिया फोरम को संबोधित करेंगे। स्पेनिश राष्ट्रपति प्रमुख फिल्म स्टूडियो का भी दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय फिल्म उद्योग की प्रमुख हस्तियों से बातचीत करेंगे, ताकि भारतीय और स्पेनिश मीडिया और मनोरंजन उद्योग के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके।पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति सांचेज की यात्रा हमारे द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा करने तथा व्यापार और निवेश, आईटी, नवाचार, बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और सुरक्षा, फार्मा, कृषि-तकनीक और जैव प्रौद्योगिकी, संस्कृति और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी को और गहरा करने का अवसर होगा।

## यूएन महिला संगठन ने भारत की प्रगति को सराहा; कहा- चुनौतियां दूर करने में समग्र दृष्टिकोण की जरूरत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लैंगिक समानताः संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महिला संगठन के अधिकारियों ने लैंगिक समानता को लेकर भारत की प्रगति की सरहाना की। उन्होंने कहा कि भारत ने हाल के वर्षों में लैंगिक समानता की दिशा में



अहम प्रगति की है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) महिला संगठन के अधिकारियों ने कहा कि भारत ने हाल के वर्षों में लैंगिक समानता की दिशा में अहम प्रगति की है। देश महिला नेतृत्व व सशक्तीकरण के लिए विशेष रूप से स्थानीय स्तर पर, जैसे कि पंचायतों नीतियों व कार्यक्रमों में अधिक निवेश कर रहा है। यूएन महिला संगठन में रणनीतिक साझेदारी के निदेशक डेनियल सेमोर व इसकी भारतीय प्रतिनिधि सूजन जेन फर्ग्यूसन ने कहा कि भारत में गहरी जड़ें जमाए सामाजिक मानदंड व सीमित वित्तपोषण महिलाओं की समग्र प्रगति में बाधा डालते हैं। फर्ग्यूसन ने कहा, लैंगिक समानता में भारत की प्रगति प्रेरणादायक है। बहुत कुछ पाया जा चुका है, शेष चुनौतियों को दूर करने के लिए समग्र दृष्टिकोण की जरूरत होगी जो सामाजिक मानदंडों, प्रणालीगत और आर्थिक बाधाओं, सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी पर बात कर सके। विभारत के केंद्रीय बजट 2024-25 के जेंडर बजट स्टेटमेंट (जीबीएस) के मुताबिक, देश ने हालिया वर्षों में महिला केंद्रित कार्यक्रमों के लिए अपने बजट में वृद्धि की है, खासकर लिंग-संवेदनशील बजट में। यह राष्ट्रीय बजट का 6.8 फीसदी है। इससे महिलाओं और लड़कियों की स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक अवसरों जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिल रही है।

## सनातन को कोरोना बताने वाले उदयनिधि स्टालिन ने दी दिवाली की बधाई, द्रमुक के इतिहास में पहली बार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** उदयनिधि ने कहा, द्रमुक के प्लैटिनम जुबली समारोह पर शुभकामनाएं और उन लोगों को दीपा ओली थिरुनाल की बधाई, जो इसे मनाते हैं और इसमें आस्था रखते हैं। दीपा ओली थिरुनाल का आश्चर्यचकित हो गए। उदयनिधि ने कहा, द्रमुक के प्लैटिनम जुबली समारोह पर शुभकामनाएं और उन लोगों को दीपा ओली थिरुनाल की बधाई, जो इसे मनाते हैं और इसमें आस्था रखते हैं। दीपा ओली थिरुनाल का मोटे तौर पर अर्थ



मोटे तौर पर अर्थ दीपोत्सव का दिन। सनातन को डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारी बताने वाले द्रमुक नेता व तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में द्रमुक कार्यकर्ताओं को पार्टी की प्लैटिनम जुबली समारोह के साथ-साथ दिवाली की भी शुभकामनाएं दीं।द्रमुक के 70 वर्षों के इतिहास में संभवतः यह पहला मौका है जब किसी शीर्ष नेता ने हिंदू समुदाय को इस तरह की शुभकामनाएं प्रेषित की हों। इससे वहां मौजूद कई कार्यकर्ता दीपोत्सव का दिन। उत्तर में जहां दिवाली भगवान श्रीराम और सीता देवी के वनवास से अयोध्या लौटने का प्रतीक है, वहीं दक्षिण में यह त्योहार भगवान कृष्ण और उनकी पत्नी सत्यभामा की राक्षस राजा नरकासुर पर जीत का प्रतीक है।उदयनिधि के इस बयान पर प्रदेश भाजपा नेता नारायणन तिरुपति ने तंज कसते हुए सोशल मीडिया में लिखा, जो लोग आस्थावान नहीं हैं, उन्हें नरकासुर की तरह जीने की शुभकामनाएं।

## भाजपा नेता के खिलाफ प्रदर्शन में तोड़फोड़, थोराट की बेटी जयश्री पर केस; 24 नामजद के साथ 25 अज्ञात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि थोराट की बेटी जयश्री थोराट और उनके समर्थकों ने शनिवार को जिले के संगमनेर इलाके में भाजपा नेता शनिवार को जिले के संगमनेर इलाके में भाजपा नेता वसंतराव देशमुख के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी के लिए भाजपा नेता के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस



वसंतराव देशमुख के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता कथित तौर पर अभद्र टिप्पणी के लिए भाजपा नेता के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ के साथ आगजनी की कोशिश की। महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तोड़फोड़ और गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने के आरोप में कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट की बेटी और कई लोगों के खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की। वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि थोराट की बेटी जयश्री थोराट और उनके समर्थकों ने दौरान प्रदर्शनकारियों ने तोड़फोड़ के साथ आगजनी की कोशिश की। संगमनेर सिटी थाने के अधिकारी ने बताया कि जयश्री, 24 नामजद और 20 से 25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने एक मुकदमे का हवाला देते हुए बताया कि आरोपियों ने भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन के नेताओं के वाहनों पर कथित रूप से हमला किया और उनमें आग लगाने की कोशिश की। दूसरी प्राथमिकी के अनुसार, लोग अवैध रूप से एकत्र हुए और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया।

## मध्यस्थता कानून में संशोधन के लिए मोदी सरकार ने उठाया बड़ा कदम, सदन में पेश किया मसौदा विधेयक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मध्यस्थता कानून में संशोधन और संस्थागत मध्यस्थता को बढ़ावा



देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के लिए सदन में एक मसौदा विधेयक पेश किया है।संस्थागत मध्यस्थता को बढ़ावा देने तथा ऐसे मामलों में अदालती हस्तक्षेप को कम करने के लिए केंद्र सरकार ने एक मसौदा विधेयक पेश किया है। विधि मंत्रालय के विधिक मामलों के विभाग ने मध्यस्थता और सुलह (संशोधन) विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित की है।यह मसौदा विधेयक पूर्व विधि सचिव और पूर्व लोकसभा महासचिव टी के विश्वनाथन की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति की ओर से मध्यस्थता क्षेत्र में प्रस्तावित सुधारों पर अपनी रिपोर्ट विधि मंत्रालय को सौंपे जाने के कुछ महीने बाद आया है। प्रस्तावित संशोधन में कहा गया है कि मध्यस्थ संस्थाएं अंतरिम उपाय प्रदान करने के उद्देश्य से मध्यस्थ न्यायाधिकरण के गठन से पहले आपातकालीन मध्यस्थ की नियुक्ति का प्रावधान कर सकती हैं।नियुक्त आपातकालीन मध्यस्थ, मध्यस्थता परिषद के निर्दिष्ट तरीके से कार्यवाही का संचालन करेगा। साथ ही मसौदा विधेयक में वर्तमान कानून के कुछ खंडों को भी हटा दिया गया है। हटाए गए खंडों में से एक, संसद सत्र के दौरान प्रस्तावित अधिसूचनाओं को दोनों सदनों में रखे जाने से संबंधित है।

## मोदी ने पुतिन को दी पेंटिंग, पेजेश्कियन को फूलदान; भारत की कलाकृतियां पाकर प्रफुल्लित हुए विदेशी नेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को मदर ऑफ पर्ल समुद्री शैल फूलदान उपहार में दिया। महाराष्ट्र के तटीय कारीगरों का बनाया यह फूलदान राज्य की कुशल शिल्पकला का प्रमाण है। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव को पारंपरिक वारली पेंटिंग भेंट की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को झारखंड की प्रसिद्ध सोहराय पेंटिंग उपहार में भेंट की। इसके अलावा उन्होंने ईरान और उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपतियों को महाराष्ट्र के कलाकारों की बनाईं आकर्षक कलाकृतियां तोहफे में प्रदान कीं।



अधिकारियों के अनुसार, पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को मदर ऑफ पर्ल समुद्री शैल फूलदान उपहार में दिया। महाराष्ट्र के तटीय कारीगरों का बनाया यह फूलदान राज्य की कुशल शिल्पकला का प्रमाण है। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव को पीएम ने पारंपरिक वारली पेंटिंग भेंट की, जो महाराष्ट्र की वारली जनजाति की 5,000 वर्ष पुरानी कला है। यह अपनी विशिष्ट शैली और सुंदरता के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है।सोहराय पेंटिंग प्राकृतिक रंगों व सरल उपकरणों के इस्तेमाल के लिए जानी जाती है। कलाकार जटिल डिजाइन बनाने के लिए टहनियों, चावल की भूसी या यहां तक कि अंगुलियों को ब्रश के तौर पर इस्तेमाल करते हैं। सोहराय पेंटिंग के कलाकार सरल पर भावपूर्ण कहानी कहने की शैली के लिए जाने जाते हैं। इस कला में पशु, पक्षी व प्रकृति चित्रण कृषि जीवनशैली व आदिवासी संस्कृति में वन्यजीवों के प्रति श्रद्धा का प्रतिबिंब है। हजारीबाग की सोहराय कला एक जिला एक उत्पाद के रूप में मान्यता दी गई है।

## 'नीतियों को बनाने में जनता की भागीदारी आवश्यक', कानून व्यवस्था के बेहतरी को लेकर बोले ओम बिरला


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक दिवसिय दौरे पर ओडिशा पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को रामा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक




बैठक में भी भाग लिया। जहां उन्होंने कानून व्यवस्था में बेहतरी करने को लेकर कहा कि सार्वजनिक नीतियों के निर्माण में जनता की अधिक भागीदारी की आवश्यकता है।भारत में कानून व्यवस्था की बेहतरी को लेकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में कानून और सार्वजनिक नीतियों के निर्माण में जनता की अधिक भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि जब भी कोई नया कानून सार्वजनिक डोमेन में रखा जाए तो वे अपने विचार और सुझाव व्यक्त करें। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को लेकर अपना विचार व्यक्त करने से एक बार लागू किए गए कानून का लोगों, राज्य और पूरे देश पर लंबे समय तक प्रभाव पड़ता है। बता दें कि एक दिवसीय दौरे पर ओडिशा पहुंचे बिरला ने रविवार को यहां रामा फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक बैठक में भी भाग लिया। जानकारी के अनुसार लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने ओडिशा दौरा के दौरान यहां केआईआईटी स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी का उद्घाटन करने आएं थे। जहां उन्होंने कहा कि हालांकि कानून और नीतियों के निर्माण में जनता की भागीदारी है, लेकिन मुझे लगता है कि यह अपर्याप्त है और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने नागरिक-केंद्रित नीतियों की वकालत की, जिसमें सभी हितधारकों को शामिल किया जाए, समान अधिकार सुनिश्चित किए जाएं और लोगों के प्रति जवाबदेह हों।स्कूल के उद्घाटन के दौरान ओम बिरला ने शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, न्यायाधीशों और छात्रों के दर्शकों को संबोधित किया। जहां उन्होंने देश के भविष्य को आकार देने में सार्वजनिक नीति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सार्वजनिक नीतियों को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए कि समाज के सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों का लोकतंत्र में दृढ़ विश्वास है। जिन लोगों ने लोकतंत्र पर हमला करने का प्रयास किया उन्होंने जनता का विश्वास खो दिया है।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आगे लोकतंत्र की कार्य प्रणाली को लेकर कहा कि लोकतंत्र हमारे कामों और कार्य प्रणाली में है और हम सभी एकजुट होकर चुनौतियों का मुकाबला करते हैं।

## 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा की सौगात, छह करोड़ लोगों को होगा सीधा लाभ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 वर्ष और इससे अधिक उम्र के नागरिकों को दिवाली से पहले स्वास्थ्य बीमा की सौगात देंगे। पीएम मोदी मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए पीएमजेएवाई के तहत किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज करा सकेंगे। मौजूदा योजना के लाभार्थियों में 49 फीसदी महिलाएं हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहले बताया था कि इस वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अपने लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा। इसे उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा, जो 70 वर्ष से कम आयु



आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की शुरुआत करेंगे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 वर्ष और इससे अधिक उम्र के नागरिकों को दिवाली से पहले स्वास्थ्य बीमा की सौगात देंगे। पीएम मोदी मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की शुरुआत करेंगे। इससे करीब 4.5 करोड़ परिवारों के लगभग छह करोड़ नागरिकों को लाभ होगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस योजना के तहत गरीब हो या अमीर, 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड पाने के लिए पात्र है। विस्तारित योजना शुरू होने पर वरिष्ठ नागरिक एबी योजना के तहत आम जनता को 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ हुआ है।एक सितंबर, 2024 तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को एबी पीएमजेएवाई के तहत सूचीबद्ध किया गया है। यह योजना फिलहाल दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में लागू की जा रही है। इस आवेदन आधारित योजना में लोगों को पीएमजेएवाई पोर्टल या आयुष्मान एप पर पंजीकरण कराना होगा, जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए फिर से आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी फिर से पूरा करना होगा।एबी पीएमजेएवाई के तहत पहले से ही कवर परिवारों से संबंधित 70 के हैं। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के अन्य सभी वरिष्ठ नागरिकों को प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का कवर मिलेगा। पीएम मोदी नियमित टीकाकरण की इलेक्ट्रॉनिक रजिस्ट्री बनाए रखने के लिए विकसित यू-विन पोर्टल को भी मंगलवार को लॉन्च करेंगे। इसी दिन कुछ अन्य परियोजनाओं की भी शुरुआत की जाएगी। यू-विन पोर्टल अभी पायलट आधार पर संचालित किया जा रहा है। इस प्लेटफॉर्म को टीकाकरण कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ जन्म से लेकर 17 वर्ष की उम्र तक के बच्चों के टीकाकरण का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड रखने के लिए विकसित किया गया है। यू-विन कोविड-19 टीका प्रबंधन प्रणाली को-विन की प्रतिकृति है।

## पूर्व सांसद की बेटी ने एकनाथ शिंदे का दामन थामा, शिवसेना बना सकती है प्रत्याशी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र चुनाव से पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री रावसाहेब दानवे की बेटी संजना जाधव ने रविवार को सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का



दामन थाम लिया है। संभावना जताई जा रही है कि जाधव को कन्नड़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा जा सकता है। महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य भर की सियासत में जबरदस्त गर्माहट है। पार्टियों में उलट फेर, नाराजगी, बदलाव सभी भारी मात्रा में देखने को मिल रही है। इसी बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रावसाहेब दानवे की बेटी संजना जाधव ने होने वाले चुनाव से पहले रविवार को सीएम एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना का दामन थाम लिया है। बता दें कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 20 नवंबर को चुनाव होंगे और 23 नवंबर को वोटों की गिनती होगी। पूर्व केंद्रीय मंत्रालय और भाजपा नेता रावसाहेब दानवे की बेटी संजना जाधव की एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होने के बाद कई सारे अटकलें तेज हो गई है। इसी बीच खबर ये सामने आ रही है कि संजना जाधव को छत्रपति संभाजीनगर जिले के कन्नड़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारने क जाने की संभावना है।महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नामांकन दाखिल करने में महज दो दिन बचे हैं। जिस दौरान पूर्व सांसद राजेंद्र गावित और विलास तारे भी शिवसेना में शामिल हो गए हैं। गावित ने जून 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व के खिलाफ बगावत करने पर शिंदे का साथ दिया था। गावित को शिवसेना ने पालघर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है, जिसने रविवार को 20 उम्मीदवारों की सूची जारी की। इन नेताओं का शिंदे और पूर्व एमएलसी रवींद्र फाटक ने शिवसेना में स्वागत किया।

# स्पोर्ट्स



## अफगानिस्तान ने जीता इमर्जिंग एशिया कप का खिताब, फाइनल में श्रीलंका को सात विकेट से हराया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इस मुकाबले में अफगानिस्तान ए ने श्रीलंका ए को 11 गेंदों के शेष रहते सात विकेट उतरी श्रीलंका ए ने सहन आरछिगे की नाबाद अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 133 रन बनाए। जवाब में 5.5 के इकोनॉमी से तीन विकेट मिले। श्रीलंका के लिए सहन अराछिगे ने 64ङ रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 47 गेंदों में छह चौके लगाए। इसके



से हराकर इतिहास रच दिया। टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ खिताब अपने नाम कर लिया। इमर्जिंग एशिया कप 2024 का फाइनल मुकाबला रविवार को अल अमरात में खेला गया। इस मुकाबले में अफगानिस्तान ए ने श्रीलंका ए को 11 गेंदों के शेष रहते सात विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। टीम ने दमदार प्रदर्शन के साथ खिताब अपने नाम कर लिया।इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने अफगानिस्तान ने सेदिकउल्लाह अटल की 55 रनों की दमदार पारी की बदौलत 18.1 ओवर में तीन विकेट पर 134 रन बनाए और लक्ष्य हासिल कर लिया। डारविश रसूली के नेतृत्व में अफगानिस्तान ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। 18 वर्षीय अल्लाह मोहम्मद गजनफर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने फाइनल में 3.5 के इकोनॉमी रेट से दो विकेट चटकाए जबकि बिलाल सामी को अलावा निमेश विमुक्ति ने 23 और पवन रथनायके ने 20 रनों की पारी खेली। वहीं, छह बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को भी नहीं छू पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेदीकउल्लाह अटल ने 55ङ रन बनाए। इसके अलावा करीम जनत ने तीन छक्कों की मदद से 33 रन बनाए। वहीं, डारविश ने 24 और मोहम्मद इशाक ने 16ङ रनों की पारी खेली। श्रीलंका के लिए सहन, दुशान और ईशान ने एक-एक विकेट चटकाए।

## इंग्लैंड के बाद जिम्बाब्वे दौरे से भी बाहर हुए बाबर शाहीन और नसीम, ऑस्ट्रेलिया दौरे से होगी वापसी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस मुकाबले के लिए पीसीबी ने टीम का एलान कर दिया है जिसमें है।पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस मुकाबले के लिए पीसीबी ने टीम का एलान कर दिया है जिसमें बाबर, शाहीन और नसीम को शामिल किया गया है।



बाबर, शाहीन और नसीम को शामिल किया गया है। हैरानी की बात यह है कि तीनों खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया है। पाकिस्तान के तीन स्टार खिलाड़ियों की एक बार फिर टीम में वापसी हो गई है। रविवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम का एलान किया, जिसमें बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को भी शामिल किया गया है। बता दें कि, तीनों खिलाड़ियों को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों से बाहर कर दिया गया था। अब दिग्गजों की टीम में वापसी हुई हैरानी की बात यह है कि तीनों खिलाड़ियों को जिम्बाब्वे दौरे से आराम दिया गया है। वहीं, मोहम्मद रिजवान को ऑस्ट्रेलिया दौरे (टी20 और वनडे) के लिए टीम में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे में वह टीम का हिस्सा होंगे, लेकिन टी20 सीरीज नहीं खेलेंगे। उन्हें सिर्फ वनडे टीम में जगह मिली है।ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पीसीबी ने वनडे टीम में अनकैप्ड खिलाड़ियों को भी मौका दिया है। इनमें आमिर जमाल, अराफत मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सईम अयूब शामिल हैं। वहीं, जहांदाद खान और सलमान अली आगा को टी20 टीम में पहली बार जगह मिली हैवनडेः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी।टी20ः अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफियान मोकिम, उस्मान खान। वनडेः आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद डेनियल, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, सईम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैय्यब ताहिर। टी20ः अहमद डेनियल, अराफात मिन्हास, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफियान मोकीम, तैय्यब ताहिर और उस्मान खान।

## 'मुझे माफ कर दो', ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चुने जाने पर आया शमी का बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टीम की घोषणा से पहले रोहित शर्मा ने पुणे टेस्ट के दौरान शमी की वापसी पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वह नहीं चाहते कि शमी इस बीसीसीआई से माफी मांगी। शमी ने लिखा- मैं अपनी गेंदबाजी फिटनेस को दिन-प्रतिदिन बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा हूं। मैच के लिए तैयार होने और घरेलू रेड बॉल क्रिकेट खेलने के लिए कड़ी



दौरे पर ऑस्ट्रेलिया आएं। अगले महीने भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी, जिसे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है। शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया का एलान किया। इसमें मोहम्मद शमी को शामिल नहीं किया गया। बोर्ड के इस फैसले पर अब तेज गेंदबाज का बयान आया है। 34 वर्षीय गेंदबाज फिलहाल सर्जरी से उबर रहे हैं। स्टार पेसर ने रविवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक वीडियो साझा किया जिसमें वह जिम में पसीना बहाते दिख रहे हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन भी लिखा, जिसमें दिग्गज ने फैंस और मेहनत करना जारी रखूंगा। सभी क्रिकेट प्रशंसकों और बीसीसीआई से माफी चाहता हूं, लेकिन बहुत जल्द मैं रेड बॉल क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हो जाऊंगा।टीम की घोषणा से पहले रोहित शर्मा ने पुणे टेस्ट के दौरान शमी की वापसी पर बात की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि वह नहीं चाहते कि शमी इस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया आएं। उन्होंने कहा- ईमानदारी से कहूं तो ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उन्हें चुनना मुश्किल है। उन्हें एक और चोट लगी थी और उनके घुटनों में सूजन आ गई थी। इससे उनकी स्थिति थोड़ी खराब हो गई और उन्हें फिर से शुरुआत करनी पड़ी। वह डॉक्टरों और फिजियो के साथ एनसीए (नेशनल क्रिकेट एकेडमी, बंगलूरू) में हैं।

## शमी का टीम में ना होना बड़ा झटका' ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारतीय टीम पर रखी राय

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप मैकडोनाल्ड ने इस बारे में अपनी राय रखी और कहा कि भारतीय टीम को कंगारू टीम के खिलाफ शमी की कमी खलेगी। शमी ने 2018 में ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई



फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का एलान किया था जिसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिली थी। अब ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू थी। वह टखने की चोट के कारण पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से नहीं खेले हैं। उनका ऑपरेशन किया गया था। इसके बाद वह राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में थे। हाल में उनके घुटनों में सूजन आ गई जिससे उनकी पूर्ण फिटनेस हासिल करने की प्रक्रिया प्रभावित हुई। माना जा रहा था कि शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे से मैदान पर वापसी करेंगे, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। मैकडोनाल्ड ने हालांकि कहा कि भले ही शमी इस दौरे का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उनकी टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज की जगह लेने वाले तेज गेंदबाजों को कम नहीं आंकेगी। मैकडोनाल्ड ने कहा, मोहम्मद शमी की अनुपस्थिति उनके लिए बहुत बड़ा झटका है। जिस तरह से हमारे बल्लेबाज उनके जज्बे, उनकी लाइन और लेंथ और अपने काम के प्रति उनके समर्पण की बात करते हैं उसे देखते हुए भारत को उनकी कमी खलगी। हम जानते हैं कि पिछली बार क्या हुआ था। उनके रिजर्व खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, इसलिए उनके खिलाड़ियों को बिल्कुल भी कम करके नहीं आंका जा सकता है भारत ने दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी को पहली बार मौका दिया है। तेज गेंदबाज आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा को भी ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। तेज गेंदबाजी विभाग की कमान जसप्रीत बुमराह संभालेंगे। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवा बल्लेबाज सैम कोन्स्टास को अपनी टीम में चुन सकता है। वह उस्मान ख्वाजा के साथ पारी का आगाज करने के लिए दौड़ में शामिल हैं।

## मुझे तेरे तरकश के तीर नहीं देखने', जब इस कारण दीपक चाहर पर गुस्सा हुए थे धोनी; खुद सुनाया मजेदार किस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** धोनी ने आईपीएल 2019 सत्र का किस्सा सुनाया, जब उन्होंने चाहर को उनकी सलाह नहीं कर रहे थे जिससे उन्होंने अपना आपा खो दिया था। धोनी ने आईपीएल 2019 सत्र का किस्सा सुनाया, जब उन्होंने चाहर को



मानने पर डांटा था। धोनी ने बताया था कि किस तरह चाहर को उनसे शिकायत रहती थी कि वह उन्हें डेथ ओवरों में गेंदबाजी नहीं कराते थे। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को मैदान पर काफी शांत देखा जाता है, लेकिन एक बार वह चेन्नई के टीम के साथी गेंदबाज दीपक चाहर पर गुस्सा हो गए थे। धोनी ने हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान किस्सा सुनाया कि किस तरह उनके बार-बार मना करने के बावजूद दीपक गलतियां उनकी सलाह नहीं मानने पर डांटा था। धोनी ने बताया था कि किस तरह चाहर को उनसे शिकायत रहती थी कि वह उन्हें डेथ ओवरों में गेंदबाजी नहीं कराते थे। धोनी ने कहा, कुछ साल पहले ऐसा हुआ था। चाहर हमारे बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन उनकी हमेशा शिकायत रहती थी कि मैं उनका इस्तेमाल डेथ ओवरों में नहीं करता। मैंने उनसे कहा था कि जब आप पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी कर रहे हो और आपका विकेट भी मिल रहे हैं तो आप क्यों डेथ ओवरों में गेंदबाजी करना चाहते हो? 90 प्रतिशत मैचों में हम उनका इस्तेमाल नई गेंद से करते थे और डेथ ओवरों में अन्य गेंदबाजों से गेंद कराते थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ 2019 में खेले गए मैच में धोनी ने चाहर को डेथ ओवर में गेंद सौंपी। उस वक्त पंजाब को जीत के लिए 12 गेंदों पर 39 रन चाहिए थे। चाहर हालांकि, लगातार नो बॉल फेंक रहे थे, जिससे धोनी को गुस्सा आया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल भी हुआ था। इसके बारे में बात करते हुए धोनी ने बताया कि उन्होंने चाहर से नकल गेंद नहीं डालने के लिए कहा था क्योंकि वह काफी पसीन-पसीन हो गए थे, लेकिन चाहर उनकी बात नहीं सुन रहे थे और लगातार वही गलती कर रहे थे जिस कारण बार-बार नो बॉल डाल रहे थे।धोनी ने कहा, चाहर काफी पसीना-पसीन हो गए थे, लेकिन उन्हें गेंदबाजी में विविधता काफी पसंद है। वह एक चतुर गेंदबाज हैं। मैंने उन्हें सलाह दी कि पसीना ज्यादा आ रहा है, इसलिए नकल गेंद करने की जरूरत नहीं है, लेकिन उसे लगता है कि वह सब जानता है।

## अरमान भाटिया और हर्ष मेहता ने पुरुष युगल खिताब जीता, रोमैन-मिचेल को 2-0 से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत के अरमान भाटिया तीन वर्ग के फाइनल में पहुंचे थे और वो तीनों में खिताबी जीत हासिल करने में सफल रहे। अरमान भाटिया इडिया मास्टर्स 2024 के असली स्टार बनकर नाम कर लिया। भारत के अरमान भाटिया तीन वर्ग के फाइनल में पहुंचे थे और वो तीनों में खिताबी जीत हासिल करने में सफल रहे। अरमान भाटिया इडिया मास्टर्स 2024 के असली स्टार बनकर उभरे। उन्होंने पुरुष एकल और




उभरे। आरके खन्ना टेनिस स्टेडियम में आयोजित पीडब्लूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स के प्रो(ओपन) पुरुष युगल के फाइनल मुकाबले में भारत की अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी को 11-3, 11-2 के अंतर से सीधे गेम में 2-0 के अंतर से मात देकर खिताब अपने मिक्स्ड डबल्स खिताब भी अपने नाम किए।भारत के अरमान भाटिया और हर्ष मेहता की जोड़ी ने पुरुषों के युगल मुकाबले में अमेरिका के रोमैन स्ट्रेजा और ऑस्ट्रेलिया के मिचेल हरग्रेव्स की जोड़ी के खिलाफ पहले गेम में शानदार शुरुआत की। दोनों ने पहले गेम में जल्दी ही 5-2 की बढ़त बना ली।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते है। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।


आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के बाद गंभीर अपनाएंगे कड़ा रुख, स्टार खिलाड़ियों को नहीं मिलेगी यह सुविधा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत ने फरवरी 2013 से अक्तूबर 2024 तक कुल 18 टेस्ट सीरीज घरेलू मैदान पर जीती, लेकिन न्यूजीलैंड ने उसका यह अभियान समाप्त कर दिया था। अब खबरें आ रही हैं कि टीम प्रबंधन कड़ा रुख अख्तियार करने जा रहा है। भारतीय टीम का प्रदर्शन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो मुकाबलों में अच्छा नहीं रहा है। भारत ने पहले दो मैच हारकर पहले ही सीरीज गंवा दी है। इसके साथ ही भारत का घरेलू जमीन पर टेस्ट में लगातार 18 सीरीज जीत का विजय अभियान थम गया। भारत ने फरवरी 2013 से अक्तूबर 2024 तक कुल 18 टेस्ट सीरीज घरेलू मैदान पर जीती, लेकिन न्यूजीलैंड ने उसका यह अभियान समाप्त कर दिया था। अब खबरें आ रही हैं कि टीम प्रबंधन कड़ा रुख अख्तियार करने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली हार के बाद टीम प्रबंधन कड़े निर्णय लेगा जिसमें सभी के लिए विकल्प ट्रेनिंग सत्र को रद्द किया जाना शामिल है। इससे विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रोहित शर्मा जैसे स्टार



खिलाड़ियों को भी राहत नहीं मिलेगी। आमतौर पर खिलाड़ियों के लिए कुछ ट्रेनिंग सत्र वैकल्पिक रखे जाते हैं। प्रवृत्ति ऐसी रही है कि शीर्ष बल्लेबाज और तेज गेंदबाज अक्सर उस सत्र को छोड़ देते हैं और खुद को केवल हल्के ट्रेनिंग सत्र तक ही सीमित रखते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, टीम प्रबंधन ने वैकल्पिक ट्रेनिंग सत्र का विकल्प हर खिलाड़ी से छीन लिया है। एक सूत्र ने इस रिपोर्ट के हवाले से कहा, टीम प्रबंधन ने खिलाड़ियों को 30 और 31 अक्तूबर को दो दिनों के अभ्यास के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा है। यह अनिवार्य है और कोई भी इसे छोड़ नहीं सकता है। भारत भले ही सीरीज गंवा चुका है, लेकिन उसके पास तीसरे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करके खुद को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की दौड़ में बनाए रखने का मौका रहेगा। भारत को डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने के लिए छह में से चार मैच जीतना जरूरी है। अगर भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट जीत लेती है तो उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में कम से कम तीन मैच जीतने होंगे। इसी को देखते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन के अन्य सदस्य चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी प्रत्येक ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लें। बताया जा रहा है कि पुणे टेस्ट के बाद कुछ खिलाड़ियों ने दो दिन का ब्रेक मांगा है और इसके बाद वे तीसरे टेस्ट के लिए मुंबई में एकत्र होंगे। भारतीय टीम के अधिकतर खिलाड़ी सहायक स्टाफ के साथ रविवार को मुंबई पहुंचेंगे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला एक नवंबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेला जाना है।

## सम्पादकीय

### भारत के लिए स्वर्णिम समय, अमेरिका, फ्रांस से हथियार मिल रहे हैं तो रूस से भी

वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर चार साल के व्यापक टकराव के बाद चीन भारत के साथ सैन्य तनाव घटाने को राजी हो गया। प्रश्न है कि क्या चीन इस सैन्य आक्रामकता से अपने किसी उद्देश्य को हासिल कर सका? इस आक्रामक सैन्य तैनाती के पीछे चीन का पहला उद्देश्य था कि वह भारत को संदेश दे कि 1971 के युद्ध के बाद नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान में बमबारी करने, अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने जैसे कदमों के बाद वह अब बस करे। चीन यह भी चाहता था कि भारत जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के उन हिस्सों, जो चीन और पाकिस्तान के कब्जे में हैं, को लेकर कोई बड़ी महत्वाकांक्षा न पाले। चीन किसी सूरत में यह नहीं चाहता था कि भारत गिलगित-बाल्टिस्तान की ओर कदम बढ़ाए, क्योंकि ऐसा होने पर चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा तो खतरे में पड़ ही जाएगा, भारत का पारंपरिक भौगोलिक संपर्क अफगानिस्तान, मध्य एशिया, यूरोप और रूस से जुड़ जाएगा। यह भारत को बड़ी आसानी से एशिया की सबसे बड़ी भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक महाशक्ति बना देगा। चीन का दूसरा उद्देश्य था कई स्थानों पर वास्तविक नियंत्रण रेखा को भारत की ओर खिसकाना। तीसरा उद्देश्य था कि भारत की सबसे बड़ी चिंता यानी दो मोर्चों पर युद्ध के हालात को मूर्त रूप दिया जाए। इसमें वह सफल नहीं हो सका, क्योंकि आर्थिक संकट और आंतरिक अस्थिरता में घिरे पाकिस्तान ने सैन्य तनाव के बीच ही भारत के साथ नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम समझौता कर लिया। गलवन की सैन्य झड़प में अपने दृढ़ रवैये और सैन्य तनाव के बीच कैलास रेंज की कुछ सामरिक चोटियों पर कब्जा करने जैसे कदमों के माध्यम से भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि वह जोर-जबरदस्ती से वास्तविक नियंत्रण रेखा को खिसकाने नहीं देगा। इसका परिणाम यह हुआ कि सैन्य तनाव समाप्त किए बिना संबंधों को सामान्य करने की रट लगाने वाले चीन को सीमा पर तनाव घटाने के लिए राजी होना पड़ा। यह मोदी सरकार की बड़ी कूटनीतिक सफलता है। इस घटनाक्रम ने भारत और चीन, दोनों को ही एक-दूसरे के सापेक्ष शक्ति विस्तार की सीमाएं दिखला दी हैं। अब जहां यह स्पष्ट है कि चीन सैन्य ताकत और कमजोर पड़ते दोस्त पाकिस्तान के बल पर नए भारत को दबा नहीं सकता, वहीं भारत के लिए भी यह स्पष्ट है कि गिलगित-बाल्टिस्तान जैसे अपने भूभागों को वापस पाने के लक्ष्य को प्राप्त करने लायक सैन्य और आर्थिक शक्ति अभी उसे एकत्र करनी बाकी है। चीन के साथ सैन्य तनाव के बीच दिल्ली का जिस तरह किसान आंदोलन के नाम पर महीनों घेराव करके रखा गया और गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर धावा बोलकर जैसा उत्पात मचाया गया, उसने यह बताया कि भारत आंतरिक मोर्चे पर कितना भेद्य है। भारत अभी साइबर युद्ध, ड्रोन तकनीक और एआइ आदि में चीन से मीलों पीछे है। मोदी सरकार द्वारा रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लिए मेक इन इंडिया के माध्यम से कई कदम उठाए गए हैं, पर अभी भी उच्च तकनीक वाले अधिकतर सैन्य साजो-सामान के लिए वह दूसरे देशों पर निर्भर है, जिनमें से कई विश्वसनीय नहीं हैं। हमारे पास अपने कंप्यूटर आपरेटिंग सिस्टम और सोशल नेटवर्क प्लेटफार्म तक नहीं हैं। वहीं चीन इन सभी में पूरी तरह आत्मनिर्भर है। भारत और चीन के संबंधों में ताजा प्रगति को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी समझने की आवश्यकता है। सीमा पर सैन्य तनाव घटाने को लेकर समझौते की घोषणा से एक दिन पहले चीनी राष्ट्रपति ने अपनी सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने को कहा था। स्पष्ट है कि जब चीनी राष्ट्रपति यह बयान दे रहे थे, तब सीमा पर समझौते का खाका खींचा जा चुका था। दरअसल इस वर्ष के प्रारंभ में अमेरिका द्वारा भारत से पूछा गया था कि चीन द्वारा ताइवान पर सैन्य आक्रमण की स्थिति में क्या वह चीन के विरुद्ध एक सैन्य मोर्चा अपनी सीमा पर खोलेगा? स्पष्ट आश्वासन न मिलने पर अमेरिका द्वारा भारत पर दबाव बनाने के लिए कनाडा की सहायता से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या और गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित साजिश को लेकर आरोप लगाए गए और अमेरिकी मीडिया की सहायता से भारत के शीर्ष नेताओं और सुरक्षा अधिकारियों तक का नाम घसीटने का प्रयास किया गया। मणिपुर और म्यांमार में फैलाई जा रही अस्थिरता में अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की भूमिका को लेकर काफी चर्चा होती रही है। चर्चा इसकी भी होती है कि अमेरिका ने बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्तापलट कराया। अमेरिका द्वारा यह सब तब किया गया, जब भारत चीनी शक्ति के बढ़ते विस्तार को रोकने के लिए बने क्वाड का सबसे प्रमुख सदस्य है। चीन से संबंध सुधार कर भारत ने अमेरिका को भी संदेश दिया है कि उसके सभी विकल्प खुले हैं। चीन को भी समझ आया है कि भारत से शत्रुता बढ़ाकर वह अमेरिकी खेमे को ही मजबूत करेगा। अपनी धीमी पड़ती अर्थव्यवस्था के लिए भारत के 140 करोड़ ग्राहकों वाले बाजार के दरवाजे बंद करना चीन के लिए आत्मघाती हो सकता है। भारत इस समय अकेला बड़ा देश है, जिसे हर खेमा लुभाना चाहता है। भारत को अमेरिका, फ्रांस से हथियार मिल रहे हैं तो रूस से भी। भारत अगर क्वाड का सदस्य है तो ब्रिक्स का भी।

# धनतेरस, भगवान धनवंतरी को प्रसन्न करने के लिए करें ऐसी पूजा जाने खरीदारी का शुभ मुहूर्त

धनतेरस का त्योहार दीवाली से ठीक दो दिन पहले मनाया जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इस साल धनतेरस का त्योहार 29 अक्तूबर को मनाया जा रहा है. जानिए धनतेरस के दिन किस समय पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा. इसके साथ ही खरीदारी का शुभ मुहूर्त कब से कब तक रहेगा. आचार्य पंडित सुधांशु तिवारी (प्रश्न कुण्डली विशेषज्ञ/ ज्योतिषाचार्य ) धनतेरस का त्योहार दीवाली से दो दिन पहले मनाया जाता है. यह त्योहार खुशहाली, समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक माना जाता है. हिंदू पंचांग के अनुसार, धनतेरस का त्योहार कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है. इस साल धनतेरस का पर्व 29 अक्तूबर 2024 को मनाया जाएगा. धनतेरस जिसे 'धन त्रयोदशी' के नाम से भी जाना जाता है. धनतेरस का नाम 'धन' और 'तेरस' से बना है, जिसमें धन का मतलब संपत्ति और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर की 13वीं तिथि है. इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा की जाती है. साथ ही यह दिन कुबेर और लक्ष्मी माता की पूजा के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है. 1 घंटा 42 मिनट होगा तक रहेगा का धनतेरस पूजा समय ज्योतिषाचार्य




पंडित सुधांशु तिवारी के अनुसार, धनतेरस की त्रियोदशी तिथि 29 अक्तूबर को सुबह 10 बजकर 31 मिनट से शुरू हो जाएगी जो 30 अक्तूबर दोपहर एक बजकर 15 मिनट खत्म होगी. इस दिन प्रदोष काल शाम 5 बजकर 38 मिनट से रात 8 बजकर 13 मिनट तक रहेगा. धनतेरस के लिए 29 अक्तूबर को गोधूली काल शाम 6 बजकर 31 मिनट से रात 8 बजकर 31 मिनट तक रहेगा. यानी धनतेरस के पूजन के लिए एक घंटा 42 मिनट का समय रहेगा. धनतेरस के दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है. जिसमें खरीदारी करना शुभ माना जाता है. पहला खरीदारी मुहूर्त 29 अक्तूबर की सुबह 6 बजकर 31 मिनट से 10 बजकर 31 मिनट तक रहेगा. वहीं दूसरा मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 42 मिनट से दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा. दीवाली से ठीक पहले धनतेरस के दिन सोना, चांदी, बर्तन, गहने, या अन्य कीमती सामान खरीदने का विशेष महत्व बताया गया है. मान्यता है कि इस दिन जो भी चीजें खरीदी जाती हैं, वह घर में समृद्धि और धन का आगमन करती हैं. कुछ लोग इस दिन नए वाहन, संपत्ति या अन्य महत्वपूर्ण चीजों की भी खरीदारी करते हैं. इसके साथ ही आज के समय में इलेक्ट्रॉनिक्स और नए उपकरण धनतेरस पर खरीदना शुभ माना जाता है. धनतेरस पूजा विधि धनतेरस के दिन शुभ मुहूर्त में धन्वंतरि देव के साथ मां लक्ष्मी और कुबेर देवता की तस्वीर या मूर्ति स्थापना करें. इसके बाद कुबेर देव और धन्वंतरि देव की पूजा करें. फिर घी का दीपक जलाएं और शाम में द्वार पर भी दीपक जलाएं. धनतेरस के धन्वंतरि देव को पीली मिठाई का प्रसाद के रूप में भोग लगाएं. उसके बाद मंत्रों का जाप करें और आरती करें. धनतेरस पर क्या खरीदें धनतेरस के दिन खरीदारी करना अच्छा माना जाता है. इस दिन सोने और चांदी के गहने, बर्तन, पीतल और झाड़ू खरीदना बहुत ही शुभ होता है. धनतेरस का महत्व धनतेरस का त्योहार भगवान धन्वंतरि की जन्म के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. शास्त्रों के अनुसार धनतेरस के दिन भगवान धनवंतरी समुद्र मंथन के दौरान हाथों में अमृत से भरा स्वर्ण कलश लेकर प्रकट हुए थे. भगवान धनवंतरी ने कलश में भरे अमृत को देवताओं को पिलाकर अमर कर दिया. इस दिन धन्वंतरि देव की पूजा करने से व्यक्ति को निरोगी जीवन मिलता है और उसकी सेहत हमेशा अच्छी रहती है. धनतेरस पर क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए धनतेरस पर सोने और चांदी या बर्तन की खरीदारी करनी चाहिए. इसके साथ ही भगवान धन्वंतरि और माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए. घर की साफ-सफाई और सजावट करनी चाहिए. वहीं धनतेरस के दिन किसी से न कर्ज लेना चाहिए और ना ही कर्ज देना भी चाहिए. इस दिन अशुद्ध स्थानों पर पूजा नहीं करनी चाहिए. इसके साथ ही क्रोध और नकारात्मकता से दूर रहना चाहिए

# अलग-थलग दिखतीं ममता बनर्जी, बंगाल का बुद्धिजीवी समाज अब 'दीदी' के खिलाफ

बंगाल के अगले विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर अभी से सटीक अंदाजा लगा पाना संभव नहीं है लेकिन अगर आज के हिसाब से ममता बनर्जी के स्वभाव में दिख रहे बदलाव को परखें तो पाएंगे कि वह अपने सियासी जीवन के कठिन दौर से गुजर रही हैं। यही वजह है कि खुद को देखने-दिखाने की आदी रहीं ममता विधानसभा और उपचुनावों में सक्रिय नहीं दिख रहीं। दो महत्वपूर्ण राज्यों-महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। अभी-अभी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में नई विधानसभाओं का गठन हुआ है। विपक्षी मोर्चे आइएनडीआइए के लिए ये चुनाव चुनौतीपूर्ण और महत्वपूर्ण भी हैं। इसलिए इसके नेताओं की सक्रियता इन दिनों बढ़ गई है अतीत में ऐसे मौकों पर विपक्षी गठबंधन की एक प्रमुख नेता ममता बनर्जी न सिर्फ मुखर रहती थीं, बल्कि खूब सक्रियता से भाजपा को शिकस्त देने की रणनीति बनाने में जुटी भी रहती थीं, लेकिन इन दिनों वह चुप हैं। लगातार सक्रिय और संघर्षरत रहने वाली कोई राजनीतिक हस्ती जब चुप्पी साध लेती है तो सवाल उठना स्वाभाविक होता है। दिलचस्प है कि इस चुप्पी पर सवाल भी नहीं उठ रहे हैं। नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए पिछले साल 23 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक की अगुआई भले ही नीतीश कुमार ने की थी, लेकिन उसकी अहम रणनीतिकार बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थीं। उन्होंने ही नीतीश कुमार को पटना में बैठक बुलाने का सुझाव दिया था। तब प्रधानमंत्री मोदी को शिकस्त देने की हर रणनीति और बैठक में ममता बनर्जी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थीं, लेकिन संघर्ष और



सक्रियता के लिए राजनीतिक हलकों में विख्यात ममता बनर्जी इन दिनों चुप हैं। देश की कौन कहे, अब तो बंगाल तक में उनकी मुखर आवाज नहीं सुनाई दे रही। बंगाल में छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनाव में भी उनकी कहीं उपस्थिति नजर नहीं आ रही है। कहा जा रहा है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कालेज की प्रशिक्षु डाक्टर के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या से उबले बंगाल ने ममता बनर्जी को झकझोर दिया है। इससे उन्हें गहरा सदमा लगा ह बंगाल का समाज अपने बुद्धिजीवियों की बड़ी इज्जत करता है। आरजी कर मेडिकल कालेज कांड के बाद बंगाल का बुद्धिजीवी समाज ममता सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आया। सिंगुर और नंदीग्राम आंदोलन के दौरान तत्कालीन बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार के खिलाफ भी कुछ इसी अंदाज में बंगाल का बौद्धिक तबका सड़कों पर उतर आया था। बंगाल में जब भी वहां का बुद्धिजीवी सड़कों पर उतरता है, तब राज्य में सत्ता परिवर्तन जरूर होता है। प्रेमचंद ने साहित्य को राजनीति के आगे-आगे चलने वाली मशाल बताया है। हिंदीभाषी क्षेत्रों में उनका कथन कम ही चरितार्थ होता नजर आया है, लेकिन बंगाल के संदर्भ में प्रेमचंद का यह कथन सटीक बैठता है। कभी ममता बनर्जी के साथ बंगाल का जो बुद्धिजीवी वर्ग उठ खड़ा हुआ था, वही बुद्धिजीवी समाज अब उनके खिलाफ आक्रोश से उबलता दिख रहा है। वह सिर्फ सड़कों पर ही नहीं उतर रहा, बल्कि ममता सरकार के भ्रष्टाचार और नाकामियों को लेकर नाटक भी खेल रहा है। इस प्रकार वह नुक्कड़ सभाओं में ममता सरकार की कारगुजारियों को जनता के सामने गिना रहा है। आज भाजपा को लोकसभा में बहुमत नहीं है तो इसकी बड़ी वजह बंगाल भी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा ने 18 सीटों पर जीत दर्ज की थी, लेकिन 2024 के चुनाव में उसे छह सीटों का नुकसान उठाना पड़ा। जबकि पार्टी वहां से 30 सीटों की उम्मीद कर रही थी। भाजपा की इस नाकामी की एक बड़ी वजह ममता बनर्जी का संघर्षशील चरित्र रहा। उन्होंने अपने संघर्ष और जुझारू रुख से पासा पलट दिया। लोकसभा में कांग्रेस और सपा के बाद ममता की तृणमूल कांग्रेस तीसरे नंबर की पार्टी है। बंगाल की भूमि पर भाजपा के अश्वमेध रथ को रोककर ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन में और अहम तथा ताकतवर होकर उभरी थीं, मगर आरजी कर मेडिकल कालेज की भयावह घटना ने उनकी नाकामियों और प्रशासनिक खामियों के साथ ही उनकी संकीर्ण राजनीति की भी पोल खोलकर रख दी है। बंगाल के लोकमानस में उबाल और उसे मिल रहे बौद्धिकों के नेतृत्व ने तृणमूल कांग्रेस को एक तरह से बैकफुट पर धकेल दिया है। इसमें दोराय नहीं कि महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में सीधे तौर पर ममता बनर्जी का कुछ भी दांव पर नहीं है, लेकिन इसके साथ बंगाल में हो रहे उपचुनाव में उनकी पार्टी के प्रदर्शन पर सबकी नजरें होंगी। ममता बनर्जी अपने उभार के शुरुआती दिनों यानी 2012 के हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनावों में अलग पार्टी बनाकर चुनाव मैदान में उतर गई थीं। 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी ताल ठोकने का उन्होंने एलान कर दिया था तब की तरह भले ही वह आज झारखंड या महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में नहीं उतरतीं, लेकिन भाजपा को शिकस्त देने के लिए ये विधानसभा चुनाव और उपचुनाव ममता बनर्जी के लिए महत्वपूर्ण मौका हो सकते थे, लेकिन वह अपने स्वभाव के अनुरूप आक्रामक अंदाज में इस मौके की अनदेखी कर रही हैं। संघर्षशील और जुझारू ममता के स्वभाव में बदलाव आना मामूली बात नहीं है। इसे भारतीय राजनीति पता नहीं कितना समझ रही है, लेकिन बंगाल में महसूस होने लगा है। अब उनके समर्थक भी मानने लगे हैं कि ममता के लिए आने वाले दिन आसान नहीं रहने वाले। बेशक बंगाल विधानसभा चुनावों में अभी करीब पौने दो साल का वक्त है। तब तक क्या होगा, कहना मुश्किल है। कई बार कोई छोटी घटना भी राजनीतिक हालात को बदल देती है और उसके चलते संभावित चुनावी नतीजे भी बदल जाते हैं। बंगाल के अगले विधानसभा चुनाव नतीजों को लेकर अभी से सटीक अंदाजा लगा पाना संभव नहीं है, लेकिन अगर आज के हिसाब से ममता बनर्जी के स्वभाव में दिख रहे बदलाव को परखें तो पाएंगे कि वह अपने सियासी जीवन के कठिन दौर से गुजर रही हैं। यही वजह है कि विपक्षी खेमे की धुरी के तौर पर खुद को देखने-दिखाने की आदी रहीं ममता बनर्जी विधानसभा चुनावों और उपचुनावों में सक्रिय नहीं दिख रहीं।

# नए क्षितिज पर भारत-जर्मनी के संबंध, भारतीय युवाशक्ति की क्षमताओं से भी पूरा विश्व परिचित

जर्मन चांसलर ओलाफ शुल्ज के भारत दौरे से द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम मिला है। नई दिल्ली में 25 अक्टूबर को भारत-जर्मनी अंतर-सरकारी परामर्श यानी आइजीसी के सातवें दौर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शुल्ज द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने की दिशा में कई बिंदुओं पर सहमति बनाने में सफल हुए हैं। शुल्ज के साथ आए प्रतिनिधिमंडल में जर्मन सरकार के दस मंत्री भी शामिल रहे। इस दौरान रक्षा, जलवायु परिवर्तन और शिक्षा जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाएं तलाशकर उन्हें मूर्त रूप देने की योजना पर चर्चा हुई। साथ ही, जर्मनी ने भारत के बढ़ते आर्थिक एवं राजनीतिक कद को भी मान्यता प्रदान की। यूरोपीय संघ में जर्मनी भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। दोनों देशों के बीच व्यापार 2022 में 24.85 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। करीब 1,700 से अधिक जर्मन कंपनियां भारत में सक्रिय हैं। परस्पर आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा हितों से जुड़ी यह मैत्री दोनों देशों की क्षमताओं का एक दूसरे को लाभ दिलाएगी। चूंकि द्विपक्षीय संबंधों के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन हुआ तो इसकी अहमियत और बढ़ गई। जर्मनी के



उद्योगपतियों के 18वें एशिया-प्रशांत सम्मेलन यानी एपीके का भी इसी दौरान साथ-साथ आयोजन हुआ। भारत को जर्मनी से मिल रहे महत्व का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में हो रहे कुल जर्मन निवेश का 50 प्रतिशत भारत में हो रहा है। हाल में ही आटोमोटिव एवं अक्षय ऊर्जा जैसे अत्याधुनिक तकनीक वाले क्षेत्रों में जर्मनी से निवेश प्राप्त हुआ है। वास्तव में सतत तकनीकी एवं ऊर्जा साझेदारी के मोर्चे पर हुई पहल बहुत उपयोगी साबित होगी इससे संबंधित इंडिया-जर्मनी इनोवेशन एंड टेक्नोलाजी पार्टनरशिप रोडमैप और इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप जैसी पहल हुई हैं। इनका लक्ष्य वर्ष 2030 तक भारत के 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के लक्ष्य को साकार करना है। ये योजनाएं विकासशील देशों में अक्षय ऊर्जा के स्तर पर जर्मनी के 10 अरब डॉलर के निवेश को मूर्त रूप देने से भी जुड़ी हैं। वर्ष 2022 में आरंभ हुई ऐसी पहल के जरिये स्वच्छ ऊर्जा से जुड़ी परियोजनाओं के लिए भारत में 1.2 अरब डॉलर का निवेश पहले ही आ चुका है। ग्रीन हाइड्रोजन में निरंतर निवेश का उद्देश्य भी भारत को इस क्षेत्र में शीर्ष पर स्थापित करना है। इसके माध्यम से 2030 तक 1.5 लाख नई नौकरियां सृजित होने के आसार हैं। जर्मन तकनीक का लोहा पूरी दुनिया मानती है तो भारतीय युवाशक्ति की क्षमताओं से भी पूरा विश्व परिचित है। इन्हीं संभावनाओं को भुनाने के लिए दोनों देशों ने 50 वर्षीय वैज्ञानिक साझेदारी की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसके अंतर्गत 2015 से ही 500 से अधिक संयुक्त शोध परियोजनाओं पर काम होने के साथ ही दोनों देशों के छात्रों के बीच विनिमय में भी 75 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दोनों देशों के कई शिक्षण संस्थान मिलकर काम करेंगे, जिनमें जर्मनी के ड्रेस्डेन के टीयू और आइआइटी मद्रास जैसे संस्थान शामिल हैं। इंडो-जर्मन साइंस एंड टेक्नोलाजी सेंटर भी अपने दायरे का विस्तार करेगा। इंडो-जर्मन डिजिटल डायलाग के विस्तार पर भी सहमति बनी, जिसमें डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर यानी डीपीआइ में भारत की विशेषज्ञता का लाभ उठाया जाएगा। भारत और जर्मनी दोनों देश लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुधारों और सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते आए हैं। संयुक्त राष्ट्र के 60 प्रतिशत से अधिक विवादों-टकरावों का निपटारा न होने का हवाला देते हुए दोनों ने इस अवसर पर इन सुधारों की आवश्यकता को फिर से दोहराया। सामरिक क्षेत्र में भी दोनों देशों ने सहयोग के कई बिंदुओं को चिह्नित किया है और आतंकवाद से निपटने के प्रभावी उपाय का निश्चय किया है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से आतंकियों के लिए वित्तीय संसाधनों और उनके लिए सुरक्षित ठिकानों पर कार्रवाई का आह्वान किया। इस दौरान उस दिल्ली घोषणापत्र के क्रियान्वनय का भी समर्थन किया गया, जिसे दोनों देशों ने 2002 में अपनाया था। इसके अंतर्गत आतंकी गतिविधियों से निपटने में नई उभरती हुई तकनीकों के उपयोग का प्रविधान है। जर्मनी की फैसिलिटी फॉर एंटी-प्रोटोन एंड आयोन रिसर्च (फेयर) जैसी पहल में भी भारत की भागीदारी जारी रहेगी। इस परियोजना को समय से पूरा करने के लिए दोनों पक्षों ने 20 करोड़ यूरो की अतिरिक्त राशि पर भी सहमति जताई। डुअल डिग्री और विभिन्न शोध परियोजनाओं को लेकर बनी सहमति से भी दोनों देशों के छात्रों के लाभान्वित होने की उम्मीद बढ़ी है। भारत की सामरिक एवं आर्थिक आकांक्षाओं के अनुरूप जर्मनी के साथ प्रगाढ़ होते रिश्ते और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता और व्यापक सुधारों के लिए जर्मनी की पैरवी असल में आज के बहुपक्षीय होते विश्व का एक बेहतर प्रतिबिंब नजर आती है। एक ऐसे दौर में जब भारत यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते सहित विभिन्न मोर्चों पर अपनी सहभागिता-सक्रियता को रफ्तार देने की संभावनाएं तलाश रहा है तो उसे लेकर जर्मनी की प्रतिबद्धता बहुत मायने रखती है। इससे व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिक के स्तर पर तेजी आएगी। दोनों देश महत्वपूर्ण बिंदुओं को लेकर जिस प्रकार से आगे बढ़े हैं, उससे न केवल द्विपक्षीय लाभ, बल्कि ग्लोबल गवर्नेंस के स्तर में भी सुधार होगा।

# ADHUNIK TUTORIALS

" FOR THE STUDENTS, FROM A STUDENT "

FOR CLASSES 1st 5th

(ADMISSION OPEN)

## FACILITIES

- Air Conditioned & Well Furnished Classroom
- Water Cooler Available
- Hygienic Washrooms
- CCTV for Safety Purposes
- In Campus Parking



Dr. (Er)PuneetArora (HON. DIRECTOR)
(B.Tech, M. Tech, MBA , Ph.D)
Awarded with ' Young Scientist & Best Teachers, Author of Many Books Chapters, Research Paper, Patent & Trademarks



**Ms.Nilanjana Arora (Assistant Director)**

- Ex. Student of Bethany Convent School, Bishop Johnson School & College, Girl's High School & College
- Pursuing B.Tech
- Awarded by TCS
- Certification in the Field of Web Development and Machine Learning .

**Ms. Riya Arora (Counsellor)**

- Ex. Student of Delhi Public School.
- Subject Topper of Delhi Public School
- Pursuing LLB from University of Allahabad .



Address: B-Block, ADA Colony, Mtek Campus, Naini, Prayagraj .

Contact :- Call and Whatsapp: 8542919234


# दीपावली पर मिट्टी के दीपो को जलाकर अपना राष्ट्र-प्रेम निभाए- रवि राघव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नोएडा।** दीपावली का त्यौहार हमारी सभ्यता और संस्कृति का परिचायक है ।आज के इस आधुनिकता के समाज में सब कुछ विलुप्त सा होता जा रहा है । इस बार समाज में ऐसी जागरूकता पैदा करने के लिए समाज में कई सामाजिक संगठनों ने बीडा उठाया है ।इसी कड़ी मे भारतीय किसान यूनियन (भूमि पुत्र) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं आर डब्लू ए सेक्टर 82 के उपाध्यक्ष रवि राघव ने आज समाज के लोगों से अपील किया है कि हमें इस दीपावली पर वही से खरीददारी करना है जिससे समाज के गरीबों के घरों में भी दिए जल सके। आगे किसान नेता रवि राघव ने पुरजोर तरीके से अपील करते हुए कहा कि दीपावली आते ही बाजार मे सजे रंग बिरंगी लाइटे और झालरो की ओर हम आकर्षित होने लगते है जिससे जो भी पूँजी पति देश हमारे दुश्मन है हम उन्हीं को और मजबूत करने का काम करते है ।क्या कभी हमारे जेहन में आता है कि हमारे समाज में जो भी गरीब उपेक्षित लोग सालभर मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते है, और आशा भरी निगाहों से हमें दीपावली पर खरीददारी के लिए निहारते रहते है।इसी खरीददारी से उनकी दीपावली मनती है ।हम ऐसे लोगो से खरीददारी न करके कितने घरो में दीपावली के दिए न जलने के गुनहागर होते हैं। हमें अपने राष्ट्र के प्रति सेवा भाव के तहत ऐसे परिवारों के घरों में भी दीपावली मन सकें कृतसंकल्प होना चाहिए ।सही मायनों तभी हम खुशी से दीपावली मनाए । हमारे किसी गरीब परिवार में इस दीपावली पर्व पर अंधकार नही होना चाहिए ।सच्ची देश भक्ति यही है । किसान नेता रवि राघव ने सभी देश वासियों से अपील की है कि हम अपने अपने घरों को दीपो से सजाए, बिजली की लाइटें अधिकतर चीन से आती हैं जो कि अपना दुश्मन देश है और हमारी जमीन हड़पने की कोशिश करता रहता है हमें चीनी सामानों का पूर्ण रूप से बहिष्कार करना चाहिए, चीन हमसे ही पैसा कमाकर हमसे ही लड़ता है उसे अवश्य ही सबक सिखाना होगा । अगर हम अपने अपने घरों की सजावट दीपक से करेंगे तो हमारे अपने भाईयों को रोजगार मिलेगा और दीपक और मोम बत्ती बेचने वाले हमारे भाई भी अपना त्योहार हंसी खुशी मना सकेंगे और इससे हमारे देश की अर्थव्यवस्था में भी सुधार होगा।नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 के निवासी आरूष रंजन ने महर्षि नेशनल कल्चरल सेलिब्रेशन (भोपाल) में योगिक फ्लाइंग में दूसरा स्थान लाकर विद्यालय ही नहीं बल्कि अपने सेक्टर एवं गांव का नाम भी रोशन किया। होनहार विरवान के होत चीकने पात वाली कहावत चरितार्थ करते हुए आरुष रंजन ने विद्यालय का नाम रोशन किया जिसके चलते महर्षि संस्थान ने मेडल देकर सम्मानित किया।



# वैदिक मंत्रों से शुरू हुआ आईआईटी बीएचयू का 13वां दीक्षांत, डिजिलॉकर पर 1954 टेक्नोसेवियों की उपाधियां हुईं अपलोड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रों से हुई। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान




स्वतंत्रता भवन सभागार के मंच पर मौजूद रहे। आईआईटी बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह का शुभारंभ हो गया है। वैदिक मंत्रों की गूंज पर सीनेट के सदस्यों के साथ के केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान स्वतंत्रता भवन सभागार के मंच पर पहुंचे। दुनिया के पहले हल्के लड़ाकू विमान तेजस के हेड डिजाइनर भी मंच पर मौजूद रहे। उनके अलावा बीएचयू कुलपति और कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव भी रहे। इस दौरान डिजिलॉकर पर 1954 टेक्नोसेवियों की उपाधियां अपलोड की गईं। इस दौरान अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यहां बैठे विद्यार्थियों, आप कहीं से भी आए हों, लेकिन यहां की धरोहर ने आपको अपनाया। काशी की कसौटी पर जो खरा उतरता है, सोना कहीं का भी हो बनारसी कहलाता है। कहा कि भारत में अभी भी पांच चुनिंदा जीवंत शहर हैं, उनमें से एक शहर बनारस भी है, जहां आपने कुछ पल बिताया। जब पहली औद्योगिक क्रांति हुई थी तो भारत पराधीन था। पिछले पांच सदी की बात करें तो औद्योगिक क्रांति में भारत कहीं नहीं था। अभी चौथा औद्योगिक क्रांति चल रहा है, जिसमें भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा और आईआईटी बीएचयू भारत में उसका नेतृत्व करेगा।शिक्षा मंत्री ने कहा कि आज सुबह चाची की कचौड़ी खाई और पान खाया। पेमेंट डिजिटल तरीके से किया। आज हम डिजिटल पेमेंट में चीन और अमेरिका से आगे हैं।60 मेधावियों को कुल 99 गोल्ड समेत कुल 100 मेडल दिए गए। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग की भव्या को डायरेक्टर्स मेडल और केमिकल इंजीनियरिंग के आदित्य कुमार नायक को प्रेसिडेंट मेडल से नवाजा गया। भव्या को सबसे ज्यादा 12 गोल्ड समेत कुल 13 मेडल दिए गए। वहीं, मटेरियल साइंस के अखिलेश यादव को बेस्ट पीएचडी थीसिस के लिए मंच से उपाधि और पी एस नारायण गोल्ड मेडल दिया गया। कुल 300 पीएचडी डिग्री दी गई।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## प्लास्टिक सर्जरी के दावों को नयनतारा ने किया खारिज बताया समय-समय पर चेहरा क्यों लगता है अलग

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** बीते दिनों ऐसी खबरें खूब सामने आईं जिनमें दावे किए गए कि नयनतारा ने चेहरे पर प्लास्टिक सर्जरी कराई है। अब नयनतारा ने ऐसे दावों पर चुप्पी तोड़ी है और इन्हें सिर्फ अफवाह बताया है नयतनारा ने अपने चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी से जुड़े दावों को खारिज कर दिया है। साउथ की लेडी सुपरस्टार को लेकर बीते दिनों तमाम मीडिया रिपोर्ट्स में दावे किए गए कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी कराई है। ऐसी खबरों पर नयनतारा ने प्रतिक्रिया दी है। एक हालिया इंटरव्यू में नयनतारा ने ऐसी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने कभी अपने चेहरे में कोई बदलाव नहीं किया है। नयनतारा ने यह भी खुलासा किया कि वर्षों से वक्त-वक्त पर उनका चेहरा अलग क्यों लगता है। नयनतारा ने से बातचीत के दौरान कहा कि हर रेड कार्पेट इवेंट से पहले उन्हें अपनी आईब्रो पर काम करना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे आईब्रो बनाना अच्छा लगता है। इन्हें परफेक्ट बनाने के लिए मैं भरपूर समय लेती



हूं, क्योंकि लुक के मामले में ये गेम चेंजर की तरह हैं। वर्षों से इसकी वजह से मेरा चेहरा अलग लगता रहा है। शायद इसीलिए लोगों ने सोचा हो कि मेरा चेहरा बदल गया है। मैं अलग दिखती रहू हूं'।नयनतारा ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की अफवाहों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा, 'बहुत से लोग सोचते हैं कि मैंने अपने चेहरे पर कुछ किया है। लेकिन, यह सच नहीं है। रिकॉर्ड पर, सच नहीं है। ऐसा नहीं है कि यह गलत है, लेकिन मेरे लिए यह सिर्फ डाइट के चलते रहा है। वजन में बहुत उतार-चढ़ाव हुए, मेरे गाल कभी अंदर तो कभी बाहर आ गए। आप मुझे चुटकी काट सकते हैं। छूने पर आपको खुद मालूम चल जाएगा कि कोई प्लास्टिक नहीं है'।नयनतारा साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने 2003 में मलयालम फिल्म से डेब्यू किया। इसके बाद वे कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। अभिनेत्री ने बीते वर्ष शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। एटली के निर्देशन में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई।

## सलमान खान ही नहीं ये चार स्टार भी बुलेटप्रूफ गाड़ी में करते हैं सफर, सुरक्षा पर रखते हैं पैनी नजर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** सलमान ही नहीं बल्कि शोबिज की दुनिया के कुछ अन्य स्टार भी बुलेटप्रूफ गाड़ियों में चलते हैं। तो चलिए उनकी सूची पर गौर फरमा लेते हैं- बी-टाउन में सितारों का जमावड़ा रहता है। सेलेब्स अपनी हर एक एक्टिविटी से सुर्खियों का हिस्सा बनते हैं। साथ ही लाखों-करोड़ों लोगों को प्रेरित करते नजर आते हैं। हालांकि, सितारों की बढ़ती पॉपुलैरिटी को देखते हुए इनके कुछ दुश्मन भी बन जाते हैं। कई मौकों पर नामचीन हस्तियों को धमकी मिलने की खबर सामने आ चुकी है। इसी का नतीजा है कि सेलेब्स अपनी जान को लेकर बेहद सतर्कता बरतते हैं। बीते दिनों महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से ही लगातार







बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकियां मिल रही हैं। इसी को लेकर जानकारी मिली कि सलमान ने बुलेटप्रूफ गाड़ी खरीदी है। हालांकि, सिर्फ सलमान ही नहीं बल्कि शोबिज की दुनिया के कुछ अन्य स्टार भी बुलेटप्रूफ गाड़ियों में चलते हैं। तो चलिए उनकी सूची पर गौर फरमा लेते हैं- लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह द्वारा सुपरस्टार सलमान खान को लगातार धमकियां दी जा रही हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने अभिनेता के प्रति अपनी दुश्मनी सार्वजनिक रूप से जाहिर की है, जिसके बाद अभिनेता को अपनी सुरक्षा और भी ज्यादा मजबूत करनी पड़ रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने हाल ही में लगभग 2 करोड़ रुपये की बुलेटप्रूफ निसान पेट्रोल एसयूवी खरीदी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाड़ी को दुबई से सीधे मुंबई आयात किया गया है। इसके साथ ही सलमान लाइसेंसी गन भी हमेशा अपने साथ रखते हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री के बादशाह यानी शाहरुख खान बुलेटप्रूफ गाड़ी में चलते हैं।

## बाजीराव सिंघम ने दी भयंकर रोंगटे खड़े करने की गारंटी, 'विनाशम करोहम' गाना रिलीज

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।**'सिंघम अगेन' का टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' रिलीज हो गया है। गाना भयंकर



रोंगटे खड़े करने की गारंटी देता है। इसमें फिल्म के मुख्य कलाकारों की झलक देखने को मिली है। 'सिंघम अगेन' लोकप्रिय फ्रेंचाइजी 'सिंघम' की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त है। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अजय देवगन, दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, जैकी श्रॉफ, अर्जुन कपूर और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर और गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज होने के बाद, निर्माताओं ने फिल्म का टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' जारी कर दिया है। गाना भयंकर रोंगटे खड़े करने की गारंटी देता है।आज, 26 अक्तूबर को अजय देवगन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'सिंघम अगेन' के टाइटल ट्रैक 'विनाशम करोहम' का वीडियो साझा किया। गाने में अजय देवगन पुलिस की वर्दी पहने हुए हैं और बैकग्राउंड भी बेहद ग्रैंड लग रहा है। गाने के श्लोक रोंगटे खड़े करने वाले हैं। वीडियो में अन्य कलाकारों टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, अक्षय कुमार, करीना कपूर और रणवीर सिंह के किरदारों की भी झलक देखने को मिली है। म्यूजिक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन दिया, 'भयंकर रोंगटे खड़े हो जाने की गारंटी।'19 अक्तूबर को, रणवीर सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक म्यूजिक वीडियो शेयर किया, जिसका शीर्षक 'जय बजरंगबली' था। वीडियो में उन्हें संग्राम भालेराव उर्फ सिम्बा के रूप में देखा जा सकता है। यह ट्रैक हनुमान चालीसा से प्रेरणा लेता है और इसमें श्रीवृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य और अन्य गायक शामिल हैं। उन्हें युद्ध में जाने से पहले अजय देवगन यानी बाजीराव सिंघम के पैर छूते हुए भी देखा जा सकता है।इस बीच, रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित 'सिंघम अगेन' में सलमान खान की एक विशेष कैमियो भूमिका भी होगी, जो उनकी फिल्म 'दबंग' से चुलबुल पांडे के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म का निर्माण अजय देवगन, ज्योति देशपांडे और रोहित शेट्टी ने किया है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित-स्टारर 'भूल भुलैया 3' से टकराएगी क्योंकि दोनों फिल्में 1 नवंबर को सिनेमाघरों में उतरेंगी।

## नारीवाद को लेकर शबाना आजमी का बयान, कहा खुद को नारीवादी न कहने वालों से आती है चिढ़

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** शबाना आजमी ने




नारीवाद को लेकर हाल में ही बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो लड़कियां खुद को नारीवादी नहीं कहती हैं, उनसे उन्हें काफी चिढ़ होती है। इसे लेकर उन्होंने एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया है। शबाना आजमी हिंदी सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्री हैं, जिन्हें उनकी असाधारण अभिनय प्रतिभा के लिए काफी सराहना मिलती है। उन्होंने अपने करियर में सामाजिक सुधार के ऊपर कई फिल्में की है। उन्हें महिला अभिनेत्रियों के लिए सार्थक और सशक्त भूमिकाओं का रास्ता बनाने के लिए भी जाना जाता है। वह भारतीय सिनेमा की सबसे सम्मानित अभिनेत्रियों में से एक हैं। हाल में ही अभिनेत्री ने फेय डिसूजा के साथ एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि उन्हें चिढ़ होती है, जब युवा महिलाएं कहती हैं कि वे नारीवादी नहीं हैं। इस दौरान दिग्गज अदाकारा ने साझा किया कि उनके अनुसार नारीवाद क्या है। अभिनेत्री ने कहा, ठइतनी चिढ़ आती है न मुझे इतनी चिढ़ आती है, क्योंकि कोई समझ ही नहीं है कि नारीवादी का मतलब क्या है। वे अभी भी ब्रा जलाने वाली महिला से जुड़े हुए हैं, उन्हें कुछ भी नहीं पता। इसका मतलब क्या है, इसके बारे में कोई समझ नहीं है। मैं एक दिलचस्प घटना बताती हूं, जब मैं अमेरिका में थी और जावेद का कुर्ता प्रेस कर रही थी, तो एक महिला ने कहा, 'आप खुद को नारीवादी कहती हैं और पति का कुर्ता प्रेस कर रही

## शाहरुख खान ने इस एक फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़े ही कर ली थी साइन, निखिल आडवाणी का खुलासा

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** शाहरुख खान की एक ऐसी फिल्म जो सुपर-डुपर हिट हुई थी। फिल्म की कहानी से लेकर इसके गाने दर्शकों को बेहद पसंद आए थे। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान निखिल आडवाणी ने खुलासा किया कि किंग ने इस फिल्म की स्क्रिप्ट को पूरा पढ़े बगैर ही साइन कर ली थी। जानिए आखिर ऐसी कौन सी फिल्म थी, जिसको लेकर शाहरुख इतने कॉन्फिडेंस थे।बॉलीवुड बादशाह खान ने पिछले कुछ सालों में कई यादगार किरदार निभाए हैं। पठान, जवान और ना जानें कितने ही फिल्मों से शाहरुख खान ने दर्शकों का दिल जीता है। निर्देशक निखिल आडवाणी ने हाल ही में खुलासा किया कि किंग ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बजाय पहला पेज पढ़ा और दूसरे पन्नों पर नजर डाली। इसके बाद उन्हनों पूरी स्क्रिप्ट बिना पढ़े ही फिल्म साइन कर ली थी। जानिए आखिर ऐसी कौन सी फिल्म है, जिसे लेकर शाहरुख को इतना कॉन्फिडेंस था, कि फिल्म खूब चलेगी। निखिल आडवाणी, जिन्होंने कल हो ना हो से निर्देशन में कदम रखा था। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि शाहरुख ने कल हो ना हो की फिल्म की पूरी स्क्रिप्ट पढ़े ही फिल्म साइन कर ली थी। किंग खान ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उन्हें करण जौहर की लेखनी और आडवाणी के निर्देशन पर भरोसा था। इस फिल्म में शाहरुख ने 'अमन' का किरदार निभाया था।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निखिल आडवाणी ने किंग खान अभिनीत फिल्म कल हो ना हो से बतौर निर्देशक डेब्यू किया था, लेकिन सुपरस्टार ने उन पर पूरा भरोसा जताया। निखिल ने कहा ठशाहरुख यश जौहर के पास गए और कहा, 'मैं धर्मा प्रोडक्शंस के साथ एक और फिल्म तभी करूंगा जब निखिल इसे निर्देशित करेंगे।'साल 2003 में कल हो ना हो रिलीज हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी



सफलता बन गई और आलोचकों की ओर से भी फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म से पहले, निखिल आडवाणी कुछ कुछ होता है और कभी खुशी कभी गम के सेट पर सहायक निर्देशक थे और शाहरुख के साथ उनका करीबी रिश्ता था। निखिल ने कहा, ठमैं शाहरुख का बहुत आभारी हूं - एक निर्देशक के रूप में मेरा पूरा करियर उनका ऋणी है मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निखिल आडवाणी ने बताया, शाहरुख ने पहला पेज पढ़ा, इंटरवल पॉइंट पर नजर डाली और फिर आखिरी पेज पर चले गए। उन्होंने पूरी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। उन्होंने बस इतना कहा, 'मुझे पता है कि करण ने इसे लिखा है और आप इसे निर्देशित कर रहे हैं, इसलिए मैं अच्छे हाथों में हूं।

## बिग बॉस के घर में खत्म हुआ नायरा बनर्जी का सफर, वीकएंड का वार में हुई शो से छुट्टी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 18 के इस बार वीकएंड का वार एपिसोड में रोहित शेट्टी और अजय देवगन



फिल्म 'सिंघम अगेन' का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान रोहित शेट्टी ने कई मजेदार टास्क कराए। रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' से टीवी अभिनेत्री नायरा बनर्जी की छुट्टी हो गई है। शो के वीकएंड का वार एपिसोड में उनका एलिमिनेशन हो गया। इस बार शो में 'सिंघम अगेन' के निर्देशक रोहित शेट्टी और एक्टर अजय देवगन पहुंचे। रोहित ने प्रतिभागियों से मजेदार टास्क कराए। इसके बाद नायरा के एलिमिनेशन का एलान भी उन्होंने ही किया। सलमान खान के शो में इस बार निर्देशक रोहित शेट्टी और अजय देवगन नजर आए। दोनों आगामी फिल्म 'सिंघम अगेन' का प्रमोशन करने पहुंचे। इस दौरान रोहित शेट्टी ने प्रतिभागियों के साथ मजेदार टास्क किए और उसके बाद नायरा के एलिमिनेशन की घोषणा भी उन्होंने की। इस बार नायरा बनर्जी, विवियन डीसेना, रजत दलाल और अविनाश मिश्रा को नॉमिनेट किया गया था। इस बार शो में सलमान खान ने रोहित शेट्टी को ये जिम्मेदारी सौंपी कि वे नामांकित प्रतिभागियों में से किसी एक को एविक्ट करेंगे। रोहित शेट्टी ने नायरा बनर्जी का नाम लिया और इसी के साथ बिग बॉस हाउस में नायरा का सफर पूरा हुआ। नायरा के एलिमिनेशन से श्रुतिका भावुक नजर आईं। उन्होंने नायरा ने लिए कहा, 'तुम शो से जाने की हकदार नहीं हो' बिग बॉस 18' में इस वीकएंड का वार में नया ही गेम देखने को मिला। इस बार प्रतिभागियों के दिल चेक किए गए। इस गेम में देखा गया गया कि किस कंटेस्टेंट का दिल सबसे ज्यादा काला है। इस गेम में दो-दो की जोड़ी में लोगों को बुलाया जा रहा था और इसके बाद घरवाले अपने वोट से काले दिल वाले को पॉइंट आउट कर रहे थे। काले दिल वाले इस गेम में घरवालों ने विवियन डिसेने का सबसे ज्यादा वोट दिए। गेम में वे विनर रहे। उनकी जीत के साथ ये भी साबित हुआ कि घरवालों के हिसाब से घर में सबसे काला दिल विवियन डिसेना का है।

## नागा चैतन्य ने मिटाईं सामंथा की सारी यादें, शोभिता से शादी से पहले डिलीट की ये आखिरी तस्वीर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।**नागा चैतन्य ने सामंथा रुथ प्रभु से तलाक के बाद एक तस्वीर को छोड़कर सभी पोस्ट डिलीट कर दी थीं। हालांकि, शोभिता धुलिपाला के साथ सात फेरे लेने से पहले अभिनेता ने इस याद को भी मिटा दिया है। सामंथा रुथ प्रभु के पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य ने अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला से सगाई कर ली है और दोनों अब अपनी शादी की तैयारियां कर रहे हैं। हालांकि, नागा ने तलाक के बाद सामंथा के साथ अपनी सारी तस्वीरें डिलीट कर दी थीं लेकिन साल 2018 की एक पोस्ट अब तक बाकी थी। इसे लेकर नागा बीते दिनों काफी ट्रोल भी हुए थे। वहीं, अब ऐसा मालूम होता है कि अभिनेता ने अपने फॉलोअर्स की बात मान ली है और उस तस्वीर को भी अकाउंट से हटा दिया है। तस्वीर






साल 2018 की थी जिसमें नागा चैतन्य और सामंथा रुथ प्रभु शानदार लाल रेस कार में साथ पोज देते नजर आए थे। हालांकि, इस तस्वीर ने नेटिजन्स को खासा नाराज किया था। इतना ही नहीं इसके कैप्शन ने ट्रोल्स के आक्रोश को और ज्यादा बढ़ा दिया था। इस फोटो के कैप्शन में 'मिसेज एंड द गर्लफ्रेंड' लिखा हुआ था। नागा की शोभिता से सगाई के बाद नेटिजन्स इस फोटो को डिलीट करने को कह रहे थे।पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए एक नेटिजन ने लिखा था, 'आपने सैम की तस्वीरें हटा दी हैं और उन्हें इंस्टा और एक्स पर अनफॉलो कर दिया है। इस तस्वीर को क्यों नहीं हटाया?' वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सैम बेहतर की हकदार हैं, पोस्ट हटा दें।' एक अन्य टिप्पणी में लिखा था, 'चाय कृपया यह तस्वीर हटा दें, आप किसी और लड़की के साथ सगाई कर रहे हैं।'भले ही नागा चैतन्य की पोस्ट इस तरह की टिप्पणियों से भर गई थी, लेकिन उन्होंने 2018 से सामंथा के साथ पुरानी तस्वीर को नहीं हटाने का फैसला किया। हालांकि, शोभिता धुलिपाला के साथ शादी से पहले, अभिनेता ने सामंथा के साथ की ये तस्वीर भी डिलीट कर दी है।

## श्रीयंका रे को 'होमरूम ड्रीम्स' के लिए मिला एमी अवॉर्ड, बोलीविया में हुई थी मृत्यु

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** कोलकाता की महिला निर्माता-निर्देशिका श्रीयंका रे ने बोलीविया में मौत के एक साल बाद डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'होमरूम ड्रीम्स' के लिए एमी अवार्ड जीता।कोलकाता की फिल्म निर्माता श्रीयंका रे को न्यूयॉर्क में गरीबों के लिए आवास संबंधी मुद्दों पर केंद्रित उनकी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'होमरूम ड्रीम्स' के लिए एमी से सम्मानित किया





गया है। निर्देशक और निर्माता के रूप में यह उनकी पहली एमी जीत है, यह उनका 13वां नामांकन है। फिल्म ने 'शिक्षा-स्कूल' - लघु या दीर्घ प्रारूप सामग्री' श्रेणी में पुरस्कार जीता है। श्रीयंका रे सिर्फ 33 साल की थी, जब उनकी मृत्यु हुई। 30 मई 2023 को बोलीविया में छुट्टियां मनाते समय अचानक बीमारी से उनका निधन हो गया था। श्रीयंका भारतीय फिल्म निर्माता-निर्देशिका थीं। दिवंगत निर्माता श्रीयंका ला मार्टिनियर फॉर गर्ल्स और प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी की पूर्व छात्रा रह चुकी हैं। उन्होंने 2012 में न्यूयॉर्क जाने से पहले एक साल तक जादवपुर यूनिवर्सिटी में फिल्म अध्ययन का अध्ययन किया, जहां उन्होंने मास्टर्स प्रोग्राम किया। वह 2014 में ब्रुकलिन के डाउनटाउन में स्थित कला और मीडिया संस्थान घ्ण् में शामिल हुईं।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रीयंका की बहन संजना ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया, ठफिल्म में दिखाया गया है कि कैसे न्यूयॉर्क एक संपन्न महानगर होने के बावजूद गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों के लिए आवास की एक बड़ी समस्या से जूझ रहा है।ठ यह उनका 13वां एमी नामांकन था। निर्देशक और निर्माता के रूप में पहली स्वतंत्र जीत और निर्माता के रूप में दूसरी जीत। यह बहुत खुशी का पल है। हमारी बेटी को यह पुरस्कार प्राप्त करने के लिए वहां होना चाहिए था फिल्म निर्माता फरहा ने श्रीयंका के बारे में कहा पुरस्कार से उत्साहित राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता फरहा खातून फिल्म निर्माता श्रियंका को बेहद पसंद करती थीं। उन्होंने श्रीयंका को एमी अवॉर्ड मिलने पर अपनी राय व्यक्त की। उन्होंने कहा, श्रीयंका भारतीय फिल्म निर्माताओं को पश्चिम से जोड़ने में सक्षम थीं।

## दिल-लुमिनाती' शो में दिलजीत ने दिया सद्भावना का संदेश, फैंस से बोले, 'खूब बड़े सपने देखो'

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** दिलजीत दोसांझ का दिल्ली में दो दिवसीय कॉन्सर्ट सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कल रविवार को शो के दूसरे दिन गायक और अभिनेता दिलजीत ने फैंस से प्रेरित करने वाली बातें कहीं। उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने और उन्हें को करीब 40 हजार लोगों की भीड़ सुनने पहुंचे। शो का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया गया। इस दौरान दिलजीत अपने लोकप्रिय गानों से समा बांध दिया। शो करीब पौने आठ बजे शुरू हुआ। शो के दौरान उन्होंने फैंस से कहा, 'मैं चाहता हूं कि



पूरा करने की अपील की। मशहूर पंजाबी सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ ने दिल्ली में अपने दो दिवसीय कॉन्सर्ट के दूसरे दिन कल रविवार को फैंस को सद्भावना का संदेश दिया। इसके अलावा कॉन्सर्ट में पहुंचे दर्शकों से उन्होंने बड़े सपने देखने की अपील की। दिलजीत का यह कॉन्सर्ट उनके 'दिल-लुमिनाटी इडिया टूर' के तहत हुआ। भारत से पहले दिलजीत ने कई अन्य देशों में कॉन्सर्ट किया। अब दिल्ली में हुए शो के दोनों दिन अपार भीड़ उमड़ी। दिलजीत दोसांझ ने शो में उन्हें सुनने पहुंचे युवाओं और बुजुर्गों को खूबसूरत संदेश दिया। सिंगर आप सभी बड़े सपने देखो। जितना संभव हो उतने बड़े सपने देखो प्लीज। हम सभी अपने सपने पूरे करने के लिए पैदा हुए हैं, इसलिए खूब बड़े सपने देखो। अगर मैं ऐसा कर सकता हूं तो आप भी कर सकते हो'। दिलजीत ने स्टेज से कहा, 'मैंने ज्यादा पढ़ाई नहीं की है, लेकिन अगर मैं लोगों को पंजाबी में बोलने पर मजबूर कर सकता हूं तो आप कुछ भी कर सकते हैं'। दिलजीत का यह दिल्ली में दूसरा शो था। कॉन्सर्ट के दौरान दिलजीत ने कहा, 'हम दिल्ली में तीसरा शो करना चाहते थे, लेकिन इसकी अनुमति नहीं मिली।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।

सम्पादक/प्रकाशक डा0 पुनीत अरोरा

मो0न0 09415608710

RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोट:- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।